
सुविचार
जिंदगी अगर अपने हिसाब से जीनी हैं तो कभी किसी के फैन मत बनो।

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi • Friday, 04 August 2023 • Year : 01 • Issue : 199 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : 3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08
14 साल बड़े एक्टर के साथ ऑनस्क्रीन...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,622.24 |
| निफ्टी | : | 18,534.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,740 |
| चांदी | : | 76.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

## BRIEF NEWS

### आप सांसद सुशील कुमार 'रिंकू' लोकसभा से निलंबित

**NEW DELHI :** लोकसभा से गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद सुशील कुमार रिंकू को अनुचित व्यवहार के कारण सत्र की शेष अवधी के लिए निलंबित कर दिया गया। सांसद रिंकू ने सदन के बीचों बीच आकर विधेयक की प्रति फाड़कर आसन की ओर फेंकी थी। आप सांसद के इस आचरण पर आपत्ति जताते हुए संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने उन्हें निलंबित किए जाने का प्रस्ताव किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हाल ही में सदन में पहुंचे सदस्य ने गरिमा के अनुरूप व्यवहार नहीं किया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पर वोटिंग के दौरान जब विपक्षी सांसद सदन ने वॉकआउट कर रहे थे तभी सांसद रिंकू ने सत्ता पक्ष के सांसदों और लोकसभा अध्यक्ष के आसन की ओर कागज फाड़कर फेंका और संसद से बाहर निकल गए।

### गवाई बैराज परियोजना की नहर टूटी, किसान परेशान

**NEW DELHI :** जिले के चास प्रखंड के बाबुडीह पंचायत के अंतर्गत डाबरबहाल और सिलफोर गांव के बीच गवाई बैराज सिंचाई परियोजना का बना नहर टूट गया है। इससे किसान परेशान है। बीते रविवार को नहर ट्रायल के लिए नहर में पानी छोड़ा गया था। तब किसानों को आश जागी थी कि चास चंदनकियारी के किसानों को अब सिंचाई के लिए नहर से पानी मिलेगी। लेकिन पहले बारिश में ही नहर टूट गया। जिसमें पूरे बोकारो जिले में चर्चा का विषय बन हुआ है। नहर टुटने की सूचना पाकर विभिन्न राजनीतिक पार्टी को लोग पहुंचे कर टुटा हुआ नहर को देखकर सरकार सें नहर की जांच कराने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने भी घटिया किस्म की सामग्री उपयोग करने की आरोप लगा रहे हैं। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष शिष्टीधर रजवार, जगरनाथ रजवार गयाराम शर्मा ने कहा कि नहर टुटने से चास व चंदनकियारी के किसानो के लिए शुभ संकेत नहीं है। नहर टुटने से संवेदक के गुणवत्ता पूरी तरह झलक रही है। साथ ही राज्य सरकार से नहर की जांच कर संवेदक पर उचित करवाई करने की मांग किया जा रहा है। साथ ही पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक पर नहर में कमीशन लेने और संवेदक पर मन मर्जी काम करवाने की आरोप लगाया है।

# दिल्ली सेवा बिल लोकसभा से पास

## विधेयक के विरोध में विपक्षी दलों के सदस्यों ने किया सदन से बहिर्गमन

**AGENCY NEW DELHI :** दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक, 2023 लोकसभा में पास हो गया। भारत गठबंधन के सदस्यों के वाकआउट के बाद बिल को ध्वनि मत से पारित किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में विधेयक पर चर्चा करते हुए आम आदमी पार्टी और विपक्ष पर जमकर हमला बोला। वहीं आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार रिंकू को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले आम सांसद संजय सिंह को भी निलंबित किया गया था।



**आसन के सामने कागज फाड़कर फेंकने के आरोप में रिंकू सिंह निलंबित :** आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार रिंकू को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के सामने कागज फाड़कर फेंकने के लिए वर्तमान मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। निचले सदन में दिल्ली में अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना से जुड़े दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023 के पारित होने के बाद रिंकू के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। विधेयक पारित होने के तत्काल बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया, आम आदमी पार्टी के सदस्य रिंकू ने कागज फेड़कर आसन के सामने फेंका है। इनको निलंबित किया जाए।

**नियम 374 के तहत रिंकू सिंह निलंबित :** लोसकभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, मैंने प्रयास किया कि माननीय सदस्य सुशील कुमार रिंकू सदन की गरिमा बनाए रखें। लेकिन उन्होंने सदन की मयार्दा को कम करने का प्रयास किया। मैं उन्हें नामित करता हूं। इसके बाद जोशी ने प्रस्ताव दिया, नियम 374 के तहत मैं यह प्रस्ताव रखता हूं कि रिंकू ने आसन के सामने कागज फेड़कर फेंका है, ऐसे में उन्हें सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाए। बिरला ने कहा कि सुशील कुमार रिंकू को इस सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाता है। इससे पहले विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए रिंकू ने आरोप लगाया था कि इस विधेयक के पारित होने से संविधान निमार्ता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की सोच खत्म हो जाएगी।

## अमित शाह ने INDIA पर बोला हमला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, **INDIA** के विपक्षी दलों ने सदन में पारित किसी भी विधेयक पर बहस में हिस्सा नहीं लिया और मणिपुर की स्थिति पर बहस को लेकर अपनी मांगों को लेकर विरोध करते रहे। विपक्षी बेंचों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने पूछा कि ऐसा क्या बदलाव आया है कि वे दिल्ली से संबंधित विधेयक में भाग ले रहे हैं। विपक्ष की प्राथमिकता अपने गठबंधन को बचाना है। विपक्ष को मणिपुर की चिंता नहीं है। हर कोई एक राज्य के अधिकारों के बारे में बात कर रहा है। लेकिन कौन सा राज्य? अमित शाह ने कहा, 'दिल्ली एक राज्य नहीं बल्कि एक केंद्र शासित प्रदेश है।।संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने का अधिकार है। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली सेवा बिल पास हुआ तो गठबंधन टूट जाएगा।

विधेयक पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने आप पर बोला हमला : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में दिल्ली सेवा विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा, आम आदमी पार्टी नीत दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली सेवा विधेयक का विरोध करने का मकसद विजिलेंस को नियंत्रण में लेकर ह्यबंगलेह्ल का और भ्रष्टाचार का सच छिपाना है और ऐसे में सभी दलों को देश और दिल्ली के भले को ध्यान में रखना चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली (संशोधन) विधेयक, 2023 पर लोकसभा में चर्चा की शुरूआत करते हुए शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने बिना किसी टकराव के लंबे समय तक दिल्ली में शासन किया, लेकिन समस्याएं 2015 में उस वक्त पैदा हुईं जब एक सरकार आई जिसका मकसद सेवा करना नहीं, बल्कि झगड़ा करना है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पास जीएनसीटीडी (संशोधन) विधेयक, 2023 लाने के पक्ष में एक भी वाजिब तर्क नहीं है और जोर दिया कि विपक्षी दलों का गठबंधन ह्यइंडियाह्ल कभी ऐसा नहीं होने देगा। विधेयक पेश होने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में केजरीवाल ने कहा कि यह दिल्ली के लोगों को गुलाम बनाने वाला विधेयक है।

### छिनतई के 1.95 लाख रुपये के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS CHATRA :** पुलिस ने शिवकुमार तुरी हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कारू गंझू उर्फ अनिल गंझू और जानकी कुमार गंझू शामिल हैं। दोनों आरोपी कुंदा थाना क्षेत्र स्थित गारो के रहने वाले हैं। आरोपियों की निशानदेही पर मृतक शिवकुमार तुरी से छीना हुआ 1.95 लाख रुपये घटना में प्रयुक्त बाइक और दो मोबाईल बरामद किया गया है। शिवकुमार तुरी की हत्या अफीम खरीदने के लिए करीब दो लाख रुपये लेकर पहुंचा था। आरोपी रुपये छीनकर हत्या कर दिया। सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया 28 जुलाई को सूचना मिली थी कि करिलगड़वा गांव स्थित परसाटांड़ जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव एवं मोटरसाइकिल पड़ा है। मृतक की पहचान ककनातु निवासी शिवकुमार तुरी के रूप में हुई थी। अपराधियों ने हत्या कर दुर्घटना का रूप देने के प्रयास किया गया था। मामले को लेकर कुन्दा थाना (कांड सं-41/23) प्राथमिकी दर्ज कर सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया।

# ज्ञानवापी के सर्वे पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

## हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दायर

**AGENCY VARANASI :** ज्ञानवापी में सर्वे को लेकर गुरुवार को हाईकोर्ट के फैसले के बाद पूरे शहर में हाई अलर्ट है। जिला प्रशासन ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के लिए पूरी तैयारी कर चुका है। शुक्रवार सुबह सात बजे से ज्ञानवापी स्थित सील वजूखाने को छोड़कर शेष अन्य हिस्से का सर्वे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम करेंगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद एएसआई की टीम शहर में आ गई है। ज्ञानवापी परिसर में एएसआई के आगरा, लखनऊ, दिल्ली, प्रयागराज, पटना सहित कई शहरों के विशेषज्ञ सर्वे कार्य में शामिल होंगे।



पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने ज्ञानवापी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद कहा कि एएसआई के सर्वे में किसी तरह का व्यवधान नहीं होगा। हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कहा कि एएसआई ने शुक्रवार से सर्वे कराने के लिए हमसे सहयोग मांगा है। हमसे जितना होगा उतना सहयोग करेंगे।

गौरतलब हो कि सर्वे में जीपीआर तकनीक का प्रयोग होगा। इसमें बिना जमीन की खुदाई किए 10 मीटर गहराई तक धातु व अन्य संरचनाओं के बारे में जानकारी मिल जाती है। बताया जा रहा है कि पुरातात्विक इतिहास जानने के लिए जमीन का खनन नहीं करना पड़ता है। सर्वे में परिसर के अंदर जमीन में दबी वस्तुओं का सटीक पता लगाने की यह अचूक तकनीक है। इसमें धातु व पत्थर की मूर्तियों, उपकरणों व अन्य संरचनाओं की उम्र, आकार, तत्व का आकलन संभव है। जीपीआर (ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार) तकनीक बिना जमीन का मूल स्वरूप बिगाड़े अंदर दबी कंक्रीट, धातु, पाइप, केबल या अन्य वस्तुओं का पता लगा लेती है। इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन सिग्नल से सटीक आकार भी पता चल जाता है।

### गैंगस्टर अमन सिंह गिरोह के शूटर को एटीएस ने किया गिरफ्तार

**RANCHI :** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने जेल में बंद गैंगस्टर अमन सिंह गिरोह के शूटर को गिरफ्तार किया है। एटीएस और धनबाद की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शूटर नितेश कुमार सिंह उर्फ बचन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पूछताछ के क्रम में नितेश कुमार सिंह द्वारा अमन सिंह गिरोह के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई हैं। इसपर एटीएस की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है। झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने गुरुवार को बताया कि संगठित आपराधिक गिरोहों के फंडिंग, आर्थिक स्त्रोतों अपराध से अर्जित किए हुये संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के विरूद्ध ठोस कार्रवाई करने का आदेश पुलिस मुख्यालय की ओर से एटीएस को दिया गया है। इसके तहत एटीएस लगातार कार्रवाई कर रही है।

# रांची के जिला स्कूल में लगी भीषण आग, बच्चे सुरक्षित

## कड़ी मशक्कत के बाद पाया जा सका काबू

**PHOTON NEWS RANCHI :** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के शहीद चौक स्थित जिला स्कूल में गुरुवार की सुबह आग लग गयी। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि धीरे-धीरे एक कमरे से दूसरे कमरे की तरफ फैल गयी। पांच दमकल के वाहन मौके पर पहुंचे हऔर पांच घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश कुमार ने बताया कि अगलगी में पांच कमरा जलकर राख हो गया। आग शार्ट सर्किट से लगी थी।



रांची के जिला स्कुल में लगी भीषण आग का दृश्य • फोटोन न्यूज

जानकारी के अनुसार जिला स्कूल की बिल्डिंग आजादी के पहले की बनी हुई है। इसमें इमारती लकड़ियों का बहुत ज्यादा प्रयोग किया गया है, इस वजह से आग की लपटें बेहद तेज गति से फैली और देखते ही देखते स्कूल के पांच कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। अगलगी में जिला स्कूल को भारी नुकसान हुआ है। जिला स्कूल का गेट छोटा होने की वजह से दमकल के वाहन अंदर नहीं जा पा रहे थे। दमकल के वाहनों को बड़ी मुश्किल के साथ गेट के अंदर लाया गया और फिर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की गई। आग लगते ही स्कूल के सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। प्रोजेक्टर, कुर्सी और डेस्क पूरी तरह से जल गए।

स्कूल की प्रिंसिपल मंजूला एक्का ने बताया कि पांच कमरे के प्रोजेक्टर, कुर्सी और डेस्क पूरी तरह से जल गए।

# फर्जी डिग्री वाले 225 सहायक शिक्षक बर्खास्त

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** जिला शिक्षा विभाग ने फर्जी डिग्री के आधार पर 15 साल तक सहायक अध्यापक की नौकरी केरने वाले जिले के 225 जालसाजों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार ने सेवा बर्खास्तगी का पत्र भी गुरुवार को जारी करते हुए इसकी पुष्टि की। अब शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई के लिए राज्य शिक्षा विभाग से अनुमति मांगी है। निर्देश मिलने के बाद इनसे वेतन रिकवरी करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

जानकारी के अनुसार यूपी के भारतीय शिक्षा परिषद और इलाहाबाद के गुरुकुल की डिग्री पर 15 साल पहले सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी मिली थी। अब जब इनकी डिग्री की जांच हुई तो पता चला की इनकी डिग्री फर्जी है। दोनों संस्थानों को यूपी सरकार से मान्यता नहीं मिली है। जांच के आधार पर जिले के देवरी और गांवा समेत अन्य स्कूलों से इनकी सेवा को गुरुवार को बर्खास्त कर नौकरी वापस लेने का निर्देश जारी किया गया।

### बंगाल के तीन युवक देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

**WEST BENGAL :** बंगाल के तीन युवकों को आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े होने के शक में गुजरात में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में दो बर्दवान और एक तारकेश्वर का रहने वाला है। गुजरात पुलिस की आतंकवाद निरोधक शाखा ने राजकोट के सोनीबाजार से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। माना जा रहा है कि तीनों युवकों ने वह वीडियो दिखाकर स्थानीय युवाओं का ब्रेनवॉश किया है। अमन ने हथियारों की ट्रेनिंग भी ऑनलाइन ली थी। पुलिस का मानना है कि बाकी दोनों अमन के जरिए अलकायदा में शामिल हुए थे।

# नूंह हिंसा में अब कड़ा एक्शन ले रही पुलिस

## 19 आरोपी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में, सोशल मीडिया पर भी नजर

**AGENCY PUNJAB :** हरियाणा के नूंह को हिंसा की आग में झोंकने वालों के खिलाफ पुलिस अब ऐक्शन ले रही है। नूंह हिंसा के 19 आरोपियों की कोर्ट में गुरुवार को पेशी हुई है। यहां अदालत ने इन सभी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सभी आरोपियों की जिला कोर्ट में पेशी हुई थी। जिसके बाद अदालत ने इन सभी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि नूंह हिंसा के मामले में अब तक 176 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 31 जुलाई को नूंह में हिंसा भड़की थी। इस मामले में अब तक 93 एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें नूंह में 46, फरीदाबाद में 3, गुरुग्राम में 23, पलवल में 18 और रेवाड़ी में तीन एफआईआर दर्ज की गई है। एडिशनल चीफ सेक्रेटरी, गृह, हरियाणा, टीवीएसएन प्रसाद ने बताया है कि हिंसा से प्रभावित हुए 5 जिलों में 93 ऋकफ दर्ज किये गये हैं।


इधर हरियाणा सरकार के गृह मंत्रालय ने एक कमेटी बनाई है। यह कमेटी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर रखेगी। यह कमेटी सोशल मीडिया पर शेयर किये जा रहे वीडियो, फोटो और हेट स्पीच की निगरानी करेगी। कमेटी के अफसर इस तरह के पोस्ट का सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार होने से रोकेंगे। सरकार द्वारा बनाई गई यह कमेटी सभी संबंधित एजेंसी से संपर्क कर नफरत भरे पोस्ट औ? अफवाह को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएगी।

आधिकारिक बयान में गृहमंत्री अनिल विज के हवाले से कहा गया, 'सोशल मीडिया ने नूंह में हिंसा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे चिंतित राज्य सरकार ने 21 जुलाई से और उसके बाद की सोशल मीडिया गतिविधियों की निगरानी के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। सोशल मीडिया मंच जैसे कि फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सऐप एवं अन्य पर किसी भी तरह के उत्तेजक पोस्ट की बारीकी से जांच/स्कैनिंग की जाएगी।" उन्होंने कहा कि समिति नफरत या गलत सूचना फैलाते पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेगी।

## पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के ऑफर पर विदेश मंत्रालय ने दिया दो टूक जवाब, सीमा हैदर व अंजु पर भी कमेंट

# पाक से वार्ता को आतंक व हिंसा मुक्त माहौल चाहिए : भारत

**AGENCY NEW DELHI :** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा भारत के से बातचीत का ऑफर दिये जाने पर भारत सरकार ने दो टूक जवाब दे दिया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ पड़ोसी संबंध चाहता है लेकिन वहां ऐसे रिश्ते के लिए आतंक और हिंसा से मुक्त माहौल होना चाहिए।



शहबाज शरीफ की फाईल फोटो।

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ की भारत पर टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, हमने रिपोर्टें देखी हैं। भारत का रुख इस बात पर कायम है कि हम सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहते हैं। लेकिन इसके लिए आतंक और शत्रुता से मुक्त वातावरण जरूरी है। पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जून में कहा था कि भारत के लिए पड़ोसी देश के साथ तब तक संबंध सामान्य करना संभव नहीं है जब तक कि वह सीमा पार आतंकवाद की नीति बंद न कर दें।

जम्मू-कश्मीर हमेशा देश का हिस्सा था, है और रहेगा

मालूम हो भारत हमेशा कहता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी संबंधों की इच्छा रखता है, जबकि इस बात पर भी जोर देता रहा है कि इस तरह के संबंध के लिए आतंक और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी पाक की है। भारत ने यह भी कहा है कि जम्मू-कश्मीर हमेशा देश का हिस्सा था, है और रहेगा।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और भारतीय महिला अंजू के बारे में टिप्पणी की। उन्होंने कहा, सीमा हैदर मामले की जांच की जा रही है। दूसरी ओर अंजू का निजी तौर पर पाकिस्तान गयी है। यह विदेश नीति का मुद्दा नहीं है। मालूम हो सीमा हैदर अवैध रूप से पाकिस्तान से अपने कथित प्रेमी सचिन से मिलने भारत आयी है। वहीं प्रेमी से मिलने के लिए भारत की अंजू पाकिस्तान पहुंच गयी है और वहां शादी भी कर ली है।

दरअसल पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को सभी गंभीर और लंबित मुद्दों के समाधान के लिए भारत के साथ बातचीत करने की पेशकश की थी और कहा था कि दोनों देशों के लिए युद्ध कोई विकल्प नहीं है क्योंकि दोनों देश गरीबी और बेरोजगारी से लड़ रहे हैं। शरीफ ने पाकिस्तान खनिज शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की थी।

शहबाज शरीफ ने भारत के संदर्भ में कहा था, हम हर किसी के साथ बात करने के लिए तैयार हैं, यहां तक कि अपने पड़ोसी के साथ भी बशर्ते कि पड़ोसी गंभीर मुद्दों पर बात करने के लिए गंभीर हो, क्योंकि युद्ध अब कोई विकल्प नहीं है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध के इतिहास के बारे में बात की। उनकी राय में युद्ध के परिणामस्वरूप गरीबी, बेरोजगारी और लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए संसाधनों की कमी हुई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की परमाणु क्षमता रक्षात्मक उद्देश्यों के लिए है न कि आक्रामकता के लिए। उन्होंने कहा, अगर कोई परमाणु विस्फोट हुआ तो यह बताने के लिए कौन जीवित रहेगा कि क्या हुआ, इसलिए युद्ध कोई विकल्प नहीं है।

### एटीएस ने माओवादियों के हथियार सप्लायर को दबोचा

**RANCHI :** झारखंड के आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने राज्य में माओवादियों और संगठित गिरोह के अपराधियों को हथियार और गोली सप्लाई करने वाले प्रभाकर को बिहार के नालंदा जिला स्थित पावापुरी से गिरफ्तार किया है। एटीएस के एक वरीय अधिकारी ने गुरुवार को गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इससे पहले एटीएस ने 13 जनवरी को प्रभाकर से हथियार और गोली खरीद कर झारखंड में सप्लाई करने वाले रवि प्रजापति को 150 राउंड जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। इसी केस के अनुसंधान के क्रम में प्रभाकर को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एटीएस की टीम पटना से प्रभाकर को लेकर रवाना हो चुकी है।

# लोहरदगा जिले में दो उग्रवादी दबोचे गये

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** लोहरदगा जिले के किस्को थाना पुलिस ने झारखंड प्रस्तुति कमिटी (जेपीसी) नामक उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर सहित दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में पलामू जिला के सतबरवा थाना क्षेत्र के सिंदुरिया लहलहे गांव निवासी पुरुषोत्तम तिवारी का पुत्र अभिमन्यु उर्फ कुंदन तिवारी उर्फ आशुतोष कुमार तिवारी और लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र के सेमरडीह गांव निवासी रबुल अंसारी का पुत्र मुबारक अंसारी शामिल है। इनके पास से दो स्मार्टफोन और एक की-पैड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड के खरकी बाला टोली में निमार्णाधीन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के मुख्य गेट पर झारखंड प्रस्तुति कमिटी के सब जोनल कमांडर अभिमन्यु के नाम से पोस्टर चिपकाकर और मुंशी के मोबाइल फोन पर फोन कर दस लाख रुपये की लेवी मांगी गई थी। इस घटना को लेकर किस्को थाना में विगत दस जुलाई 2023 को किस्को थाना कांड संख्या 22/23 दर्ज किया गया था। जिसमें पुलिस ने भादवि की धारा 387, 506 और सीएलए एक्ट की धारा 17 के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।

BRIEF NEWS

### विधायक लोबिन हेम्ब्रम को अपनी ही सरकार में खनन माफिया से जान का खतरा : बाबूलाल मरांडी

**RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ विधायक लोबिन हेम्ब्रम को अपनी ही सरकार में खनन माफिया से जान का खतरा है। उन्होंने विधानसभा में यह खुलासा करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने हाउस गार्ड तक हटा कर उन्हें और खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा है कि 15 दिनों में उनकी जान बचाने की फरियाद नहीं सुनी गई तो वे दिल्ली जाकर केन्द्र सरकार से मदद की गुहार लगायेंगे। मरांडी ने गुरुवार को ट्वीट के माध्यम से कहा कि भाई लोबिन आपकी इस सरकार और इसके पाले हुए खनन माफियाओं से खतरा सिर्फ. आपको ही नहीं है। खतरा तो पूरे संताल और आदिवासी समाज को भी हैं, जिनका अस्तित्व और पहचान ये माफिया मिटा रहे हैं। खतरा आपके जैसे पक्ष-विपक्ष के उन सारे लोगों को है जो इस सोरेन राज परिवार के तानाशाह के गलत कार्यों और लूटपाट का विरोध करते हैं। आप तो सोरेन परिवार के वफादार सदस्य रहे हैं, हेमंत के चाचा समान हैं। कभी पूछिये हेमंत से कि जो लोग झारखंड को लूटने के आरोप में जेल गये हैं और जा रहे हैं वो कौन हैं और इन सबों से हेमंत की कैसी निकटता है।

### युवा नई सोच और ऊर्जा के प्रतीक : सुदेश महतो

**RANCHI:** आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि युवा नई सोच और ऊर्जा के प्रतीक हैं। सिर्फ उम्र के आधार पर युवाओं को परिभाषित नहीं करें, जिसे भी भविष्य की चिंता है। आप दोहरी जवाबदेही के लिए आगे आए हैं। आप में अपने और भावी पीढ़ी की चिंता है। पार्टी जवाबदेही लेने वाले के लिए अवसर है। सभी युवाओं के साथ मिल कर हमारी पार्टी प्रदेश को आदर्श वातावरण देगी। महतो गुरुवार को रांची स्थित आजसू पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में केजी से पीजी में पढ़ने वाले सभी परेशान हैं। पीजी में पढ़ने वाले नौकरी और केजी में पढ़ने वाले शिक्षक के लिए। राज्य में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। सरकार इस प्रदेश के आज और कल दोनों को बर्बाद कर रही है। प्रदेश के 60 प्रतिशत विद्यालय सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इस वजह से बच्चों की पढ़ाई छूट जा रही है। सरकार को एक भी छात्र छूटे न और एक भी छात्र टूटे न इस सोच के साथ काम करना चाहिए। इस अवसर पर पार्टी में कई उच्च शिक्षा प्राप्त छात्र और युवाओं ने आजसू पाटी का दामन थामा। पीएचडी छात्र सचिन भगत ने कहा कि युवाओं को लोग बरगलाते हैं।

### झामुमो ने मेदिनीनगर की पूर्व मेयर अरुणा शंकर के बयान की निंदा की

**PALAMU:** मेदिनीनगर नगर निगम की पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने बुधवार को प्रेस के माध्यम से कुछ लोगों के गांधी उद्यान बेलवाटिका में जाकर हंगामा करने की निंदा की थी। इस संबंध में गुरुवार को परिसदन में झारखंड मुक्ति मोर्चा की नगर व युवा मोर्चा की जिला कमेटी ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि वहां कुछ लोग नहीं गए थे, बल्कि गांधी उद्यान में पूरा झामुमो युवा मोर्चा और नगर कमेटी पहुंची थी और उनके इस बयान की निंदा करते हैं। कहा गया कि निजी लोगों को गांधी उद्यान में लूटने की छूट दे दी गई है, जिसे हम लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूर्व मेयर द्वारा कहा गया कि मिक्की माउस और बैटरी कार का शुल्क मात्र 20 है जो बिल्कुल झूठ है। हम लोगों के पास प्रमाण है कि मिकी माउस और बैटरी कार वाले बच्चों के माता-पिता से 50 रुपये शुल्क के तौर पर वसूल रहे थे और इसके बदले उसकी कोई रसीद भी नहीं दे रहे थे, जिससे प्रतीत होता है कि पूर्व मेयर के चहेते लोग मनमानी तरीके से आम जनता से पैसे लूटने का काम कर रहे हैं। झामुमो के युवा नेताओं ने कहा कि मॉर्निंग वॉक करने वाले नागरिकों से शुल्क वसूला जा रहा है जो सरकारी पार्क में आम जनता से कहीं भी नहीं लिया जाता है। हम लोग उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी आवेदन दे चुके हैं। इस पर जल्द ही कार्रवाई होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में झामुमो महानगर कमेटी के अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, सचिव छोटू त्रिपाठी, उपाध्यक्ष विशाल सिन्हा (मोनू), युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, जिला कमेटी से संगठन सचिव अनुराग सिंह और पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी पर लगाया धमकी देने का आरोप

**KHUNTI:** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा के जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने खूंटी नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश पर धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उपायुक्त को दिये आवेदन में सांसद प्रतिनिधि ने कहा है कि कुछ दिन पहले उन्होंने डीसी से मिलकर जमुवादाग के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों की राशि का भुगतान समय पर नहीं होने तथा नगर पंचायत क्षेत्र में शहरी पेयजल आपूर्ति योजना में हो रहे विलंब तथा सड़कों को खोद कर बर्बाद करने का आरोप लगाया था।



### राज्यपाल से ब्रह्मकुमारी निर्मला ने की मुलाकात

**RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को रांची के प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन ने राजभवन में मुलाकात की। निर्मला बहन ने इस दौरान राज्यपाल को रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। दूसरी ओर राज्यपाल ने गुरुवार को डॉ. अरुण मिश्रा द्वारा रचित पुस्तक थैंक यू कैंसर के द्वितीय संस्करण का राजभवन में विमोचन किया। लेखक डॉ. अरुण मिश्रा स्वयं एडवांस स्टेज कैंसर मरीज रहे हैं।



### मुख्यमंत्री से झारखंड एकता मंच मुंबई के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**RANCHI:** झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड एकता मंच, मुंबई के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वे झारखंड के प्रवासी मजदूरों के हित और कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं और झारखंड के विकास एवं तरक्की में हर संभव सहयोग करने के इच्छुक हैं। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में फिरोज आलम अंसारी, शमशेर आलम, हरप्रीत बराइट, राजेश शर्मा, ताज हसन अंसारी और असलम अंसारी विशेष रूप से शामिल थे।



# झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक विधानसभा से पास, नकल करते पकड़े जाने पर होगी जेल

## सदन में घोषणा करते हुए स्पीकर ने आज 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी



**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को झारखंड प्रतियोगी परीक्षा भर्ती एवं अनुचित साधन रोकथाम विधेयक 2023 बहुमत से पारित हो गया। मानसून सत्र में इसकी घोषणा सदन में करते हुए स्पीकर ने शुक्रवार 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने विपक्षी विधायकों के विधेयक को प्रवर समिति में भेजे जाने की मांग को ठुकराते हुए कहा कि कुछ बिंदुओं पर यहीं संशोधन संभव है। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक प्रदीप यादव और अन्य के सुझावों के आधार पर कहा कि सजा के प्रावधानों में तीन साल के प्रावधान को घटाकर एक साल किया जा सकता है।

**विधेयक में प्रावधान**

चोरी करने या करवाने में पकड़े जाने पर तीन साल सजा का प्रावधान था, जिसे विधायकों के कहने पर संशोधित करके मुख्यमंत्री ने एक साल की सजा कर दी। चोरी करने वाले परीक्षार्थियों को दी जाने वाली सजा का प्रभाव इतना अधिक होगा कि उनकी नौकरी करने की उम्र सीमा ही खत्म हो सकती है। पांच लाख रुपये तक का दंड लगाया जा सकता है। दंड की रकम नहीं चुकाने पर अतिरिक्त नौ महीने की सजा तक हो सकती है।

परीक्षार्थी के दूसरी बार पकड़े जाने पर सात साल की सजा और दंड की राशि 10 लाख रुपये तक था, जिसे संशोधित करके सजा को तीन साल कर दिया गया है। परीक्षार्थी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दायर कर दो से पांच साल तक परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। परीक्षा में शामिल कंपनी या एजेंसी द्वारा परीक्षा की गोपनीयता भंग करने, प्रश्न पत्र लीक करनेवालों को कम से कम 10 साल और अधिकतम आजीवन कारावास की सजा होगी। एक करोड़ से लेकर दो करोड़ तक दंड लगेगा। दंड की रकम नहीं चुकाने पर अतिरिक्त तीन साल के कारावास तक सजा हो सकती है। यह प्रावधान राज्य लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, भर्ती एजेंसियों द्वारा आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षा, राज्य सरकार के लोक उपक्रमों द्वारा आयोजित परीक्षा के अलावे निगम और निकायों द्वारा आयोजित होने वाले परीक्षाओं में लागू होगा। इस विधेयक के दायरे में परीक्षार्थी के अतिरिक्त परीक्षा प्रक्रिया में शामिल होने वाले एजेंसियां, सरकारी कर्मचारियों के द्वारा प्रश्न पत्र लीक करने या परीक्षा की गोपनीयता भंग करने वाली जानकारी को सार्वजनिक करने वाले आएंगे। साथ ही परीक्षा ड्यूटी में शामिल कर्मचारियों, उनके पारिवारिक सदस्यों, रिश्तेदारों को धमकी देने और परीक्षा के संबंध में गलत सूचना प्रचारित करने का अफवाह फैलाने वाले भी इसके दायरे में आएंगे।

### इरफान अंसारी सदन के अंदर कान पकड़ कर मांगे माफी : शशिभूषण

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को भी कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के दिए गए बयान पर जमकर हंगामा हुआ। भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि इरफान अंसारी सदन के अंदर कान पकड़कर माफी मांगे, नहीं तो ऐसी की तैसी कर देंगे। इसके बाद भाजपा के विधायक वेल में आ गए और हंगामा शुरू कर दिया। सदन के अंदर भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता और इरफान अंसारी ने एक-दूसरे को ललकारा और हंगामा करते हुए आसन के सामने खड़े हो गए और विधायकों को चेतावनी देने लगे। स्पीकर ने शशिभूषण मेहता के बॉडी लैंग्वेज पर स्पीकर ने कड़ी नाराजगी जताई। शशिभूषण मेहता हाथ दिखा कर बात कर रहे थे। इस पर स्पीकर ने कहा कि आचरण नहीं जानते हैं, संसदीय मयार्दा को नहीं समझते हैं। विधायक प्रदीप यादव ने भी इस पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने शशिभूषण मेहता को सदन से निष्कासित करने की मांग की। इससे पहले विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने अपनी-अपनी मांगों को लेकर विधानसभा के मुख्य द्वार पर धरना दिया। भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने चतरा जिला में भारतमाला ग्रीन एक्सप्रेस वे में अधिग्रहण गैरमजरूआ खास जमीन मुआवजा का अविलंब भुगतान करने की मांग की। झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम राज्य में जल्द पेसा कानून को लागू करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे।

### झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक राज्य के लिए ऐतिहासिक : शिल्पी नेहा तिर्की

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह झारखंड के लिए दमदार विधेयक है और मुख्यमंत्री इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। भाजपा के विरोध पर उन्होंने कहा कि गुजरात और यूपी में भी ऐसा ही बिल पारित हुआ है। फिर किस मुंह से भाजपा इसका विरोध कर रही है, यह समझ से परे है। भाजपा नहीं चाहती कि यहां के बच्चे पढ़ें और सही तरीके से परीक्षा दें। ये चाहते हैं कि यहां पेपर लीक हो और परीक्षा रद्द हो। फिलहाल इसमें संशोधन हुआ है और मुख्यमंत्री ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर आगे भी इसमें संशोधन की जरूरत पड़ी, तो उसके लिए रास्ते खुले हैं। शिल्पी ने कहा कि यह विधेयक झारखंड में बहुत पहले ही आ जाना चाहिए था। भाजपा विधायक अमित मंडल ने कहा कि भाजपा शुरू से ही इस बिल का विरोध कर रही है। इसे प्रवर समिति को भेजने की मांग कर रही थी। सत्तापक्ष के विधायक गुजरात का उदाहरण दे रहे हैं, तो उन्हें सोचना चाहिए कि यह गुजरात नहीं, झारखंड है और इसलिए यहां का बिल झारखंड के हिसाब से बनना चाहिए।

### तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 37 आंगनबाड़ी केंद्रों का नहीं है अपना भवन, उठा सवाल

- विधायक कोचे मुंडा के तारांकित प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने दी जानकारी

**KHUNTI:** खूंटी जिले के तोरपा, कर्रा और रनिया प्रखंड में 34 आंगनबाड़ी केंद्रों का अपना भवन नहीं है और उनका संचालन किराए के मकान में किया जा रहा है, जबकि 32 केंद्रों का संचालन विद्यालय भवन में और 18 केंद्र सामुदायिक भवन में संचलित किये जा रहे हैं। यह जानकारी विधानसभा में विभाग के मंत्री ने तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा द्वारा विधानसभा में पूछे गये सवाल के जवाब में विभाग के मंत्री ने दी। कोचे मुंडा ने तारांकित प्रश्न के तहत सदन के माध्यम से सरकार से जानना चाहा था कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कर्रा, रनिया और तोरपा तथा सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड में कितने आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन हैं और कितने केंद्रों का संचालन किराये का मकान पर हो रहा है। इसके जवाब में विभागीय मंत्री द्वारा बताया गया कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कर्रा, रनिया और तोरपा प्रखंड में कुल 262 और सिमडेगा जिले में 135 केंद्र संचालित हैं। बानोप्रखंड के 132 केंद्र अपने भवन में संचालित हैं, जबकि तीन केंद्रों में भवन निर्माण का कार्य जारी है। बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में पूरे राज्य में 5848 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण का प्रस्ताव है। इसके तहत खूंटी जिले के सभी भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन निर्माण कराया जाएगा

### सदन में अनंत ओझा ने 8.49 लाख किसानों के लंबित भूमि सत्यापन का उठाया मामला

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को विधायक अनंत ओझा ने झारखंड में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को लेकर भूमि सत्यापन के लंबित मामलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि करीब नौ लाख किसानों के भूमि सत्यापन का मामला लंबित है, जिसके कारण उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है। सिर्फ साहिबगंज जिले में 34219 किसानों की लैंड रिकॉर्ड वेरिफिकेशन का सत्यापन लंबित है। इसपर सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि प्रधानमंत्री



किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के कुल 849061 किसानों की भूमि अभिलेख का सत्यापन लंबित है जबकि साहिबगंज जिला में कुल 34219 किसानों की भूमि के डॉक्यूमेंट का सत्यापन नहीं हुआ है।

### भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय के मामले में हस्तक्षेप करें मुख्यमंत्री : संजय सेठ

**PHOTON NEWS RANCHI:** राजधानी रांची में बने भगवान बिरसा मुंडा के ऐतिहासिक संग्रहालय को तहस-नहस किए जाने के मामले पर रांची के सांसद संजय सेठ ने कड़ा एतराज जताया है। सांसद ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार और प्रशासन पूरी तरह से आदिवासी विरोधी काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड सहित देशभर में पूजे जाते हैं। ऐसे व्यक्तित्व के नाम पर बने संग्रहालय के साथ छेड़छाड़ करना, वहां तहस-नहस करना, यह राज्य सरकार की भगवान बिरसा मुंडा के प्रति सोच को दर्शाने वाला है। सांसद ने इस मामले में सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हस्तक्षेप की मांग की है और कहा है कि कार्यक्रम के नाम पर संग्रहालय को बर्बाद करना कहीं से भी उचित नहीं है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय का लोकार्पण किया। यह संग्रहालय हमारे गौरव और आस्था का केंद्र है लेकिन दुर्भाग्य है कि राज्य की यूपीए सरकार उसे बर्बाद करने पर आमादा है। सांसद ने राज्य सरकार और प्रशासन पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य सरकार महापुरुषों के लिए कुछ कर नहीं सकती तो कम से कम जो अच्छा काम हुआ है, उसे बर्बाद तो मत करे।

### प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया चेयरमैन ने की झारखंड प्रभारी से दिल्ली में मुलाकात

**RANCHI:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने गुरुवार को दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे से मुलाकात की। इस दौरान सिंह ने राज्य में सोशल मीडिया की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी झारखंड प्रभारी को दी प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया का काफी योगदान है।

### भाजपा विधायक सीपी सिंह को नेता प्रतिपक्ष बनाने की मांग

**PHOTON NEWS RANCHI:**



क्षेत्रीय जनविकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष दयानंद मिश्रा ने भाजपा विधायक सीपी सिंह को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष घोषित करने की भाजपा केंद्रीय नेतृत्व से मांग की। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश संगठन और रघुवर दास को केन्द्रीय पदाधिकारी बनाने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे भाजपा की मजबूती होगी। जेपी नड्डा, अमित शाह और अश्वनी चौबे को चिठ्ठी भेज मिश्रा ने मांग इस बात पर अचरज जाहिर की कि सीपी सिंह जैसे ओजस्वी, अनुभवी और लोकप्रिय नेता के मौजूदगी के बाद भी भाजपा नेता प्रतिपक्ष का तलाश कर रही है। नेता प्रतिपक्ष की घोषणा मे नाहक विलंब हो रहा है और किसी जाति/बिरादरी की खुशी के लिए किसी अनुभव रहित नेता को कंधे पर सवार करने का प्रयास हो रहा है। यह अनुभव, न्याय, समर्पण और योग्यता तो आहत करने का काम होगा। इससे अच्छा संदेश नहीं जा रहा। बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व देने के बाद जन जन मे यह आश्वस्थता है कि सीपी सिंह ही नेता प्रतिपक्ष बनेगें।

**भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की निवर्तमान महापौर डॉ आशा लकड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस पर बोला हमला**

### आदिवासी समाज का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में : आशा लकड़ा

**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं रांची की निवर्तमान महापौर डॉ आशा लकड़ा ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। आशा आदिवासी समाज और बाबूलाल मरांडी पर विधायक इरफान अंसारी द्वारा विधानसभा में दिए गए बयान पर गुरुवार को प्रेसवार्ता के माध्यम से प्रतिक्रिया दी। आशा लकड़ा ने कहा कि झारखंड आदिवासियों के त्याग और बलिदान का प्रतिफल है लेकिन जामताड़ा से कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी



आदिवासियों के प्रति ओछी सोच रखते हैं। आदिवासी इतना तेज कैसे हो गए हैं हमको समझ नहीं आता'। विधायक इरफान अंसारी के इस बयान से पूरा आदिवासी समाज मर्माहत है। कांग्रेस पार्टी के डीएनए में ही जनजातीय समाज के प्रति विरोध है। झारखंड में अब तक आदिवासी समाज से चार मुख्यमंत्री चुने गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी आदिवासी हैं। लेकिन वे आदिवासी को 'बोका' समझते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड का इतिहास गवाह है कि आदिवासियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर इस राज्य का नाम रोशन किया है। आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। भगवान बिरसा मुंडा, चांद-भैरव, फूलो-झानो, सिदो-कान्हू, तिलका माझी जैसे महापुरुषों ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए। इरफान अंसारी पहले आदिवासियों के इतिहास को जाने।आदिवासी सरल, सहज व स्वाभिमानी हैं। कांग्रेस और जेएमएम न तो आदिवासियों के हितैषी थे और ना ही हो सकते हैं। ये आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर अपना हित साधते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता ने प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति को भी अपने असंसदीय टिप्पणी से अपमानित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड को आदिवासियों ने अपने खून-पसीने से सींचा है। मैं भी आदिवासी हूं और मुझे आदिवासी होने पर गर्व है। यहां की मिट्टी ही मेरी पहचान और वजूद है।

### पलामू में हेमंत सरकार के खिलाफ भाजयुमो का धरना

**PHOTON NEWS PALAMU:** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के तत्वावधान में गुरुवार को पलामू जिला परिषद कार्यालय के सामने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया गया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे ने की। धरना को संबोधित करते हुए पांडे ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन सरकार को सत्ता में आए हुए 4 वर्ष के लगभग हो गये। नियोजन एवं स्थानीय नीति के अभाव में लाखों युवा बेरोजगार हैं। टेट की परीक्षा नहीं हो रही है। सरकार सीटेट की परीक्षा को आधार नहीं मान




रही है। बीएड करने वाले हजारों छात्र-छात्राएं परीक्षा से वंचित हैं। चुनाव के पहले किये गये सारे वादे चुनावी जुमला बन कर रह गए। जिलाध्यक्ष बिजयानंद पाठक ने कहा कि इस सरकार के क्रियाकलापों से ये साफ जाहिर होता है सरकार का कार्य इस राज्य का विकास करना नहीं, बल्कि अपना विकास करना है।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Friday, 04 August 2023

BRIEF NEWS

### एनटीपीसी को उत्तरी धादु कोयला ब्लॉक मिला

RANCHI : भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने कोयला मंत्रालय द्वारा हाल ही में संपन्न कोयला ब्लॉक नीलामी में उत्तरी धादु (पूर्व) कोयला ब्लॉक के लिए बोली जीती। कठोर प्रयासों और रणनीतिक योजना के बाद, एनएमएल ने झारखंड में उत्तरी धादु (पूर्व) कोयला ब्लॉक से कोयला विकसित करने और निकालने का अधिकार सुरक्षित कर लिया है, जिसमें 439 मिलियन टन का भंडार है और अधिकतम क्षमता 4 मिलियन टन प्रति वर्ष है। यह एनएमएल की पहली व्यावसायिक कोयला खदान होगी। यह सफल बोली एनएमएल के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में एनएमएल यह सुनिश्चित करेगा कि सभी खनन गतिविधियां उच्चतम सुरक्षा और स्थिरता मानकों का पालन करते हुए, पर्यावरण की देखभाल के साथ की जाएं। कोयला ब्लॉक नीलामी में सफल बोली, एनटीपीसी की मजबूत दृष्टि, दृढ़ता और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है ।

### आदिवासी महोत्सव की तैयारियों का प्रधान सचिव ने लिया जायजा

RANCHI : रांची के जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 की तैयारी भव्य तरीके से चल रही है। विश्व आदिवासी दिवस (09 अगस्त) पर आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का गुरुवार को कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यक्रम स्थल, प्रदर्शनी, फूड कोर्ट, सेमिनार, पार्किंग, वीआईपी लाउंज, लाइट एंड साउंड शो तथा फिल्म फेस्टिवल के लिए चयनित स्थल, प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था आदि के लिए अधिकारियों एवं इवेंट मैनेजमेंट टीम आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान से प्रचार रथ भी रवाना किया गया। इस मौके पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, अपर सचिव, आदिवासी कल्याण अजय नाथ झा, टीआरआई निदेशक रणेन्द्र कुमार, निदेशक आईटीडीए सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी, संगीता शरण, खूंटी डीपीआरओ सैयद राशिद अख्तर, डीपीआरओ रांची डॉक्टर प्रभात शंकर, इवेंट मैनेजमेंट टीम के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विधानसभा में सीएम से मिले कई लोग, पत्रिका का किया विमोचन

RANCHI : झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री से उनके कक्ष में गुरुवार को कई लोग मिले। झारखंड एकता संघ मुंबई के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात में मुख्यमंत्री को बताया कि वे झारखंड के प्रवासी मजदूरों के हित और कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं और झारखंड के विकास एवं तरक्की में हरसंभव सहयोग करने को इच्छुक हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंडी एकता संघ की पत्रिका अब दिखेगा खबर का विमोचन किया। प्रतिनिधिमंडल में फिरोज आलम अंसारी, शमशेर आलम, हरप्रीत बराइट, राजेश शर्मा, ताज हसन अंसारी और असलम अंसारी शामिल थे। छात्रों से कहा आप जैसे युवाओं से लोकतंत्र मजबूत होगी।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अपील पर 17 अगस्त को हाईकोर्ट में होगी बहस




PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट में आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता मांडर के पूर्व विधायक विधायक और झारखंड कांग्रेस नेता बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की आंशिक सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त निर्धारित की। मामले में हाई कोर्ट के जस्टिस सुभाष चंद्र की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई।

पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) की फोटो कॉपी की प्रति प्रार्थी एवं सीबीआई को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की जबकि सीबीआई की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।

हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में निचली अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड आ चुका है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च, 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर तीन लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया था। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने छह लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी।

सीबीआई ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त, 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी, 2019 को आरोप गठित किया गया था।

## हाईकोर्ट में टेरर फंडिंग मामले में विनोद कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई 10 अगस्त को

RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट में आम्रपाली और मगध कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपित विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 10 अगस्त को होगी। हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की।

आरोपित विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। इस मामले में टंडवा थाने में कांड संख्या 2/2016 दर्ज किया गया था। इस मामले को एनआईए ने अपने हाथों में लेकर केस दर्ज किया था। विनोद कुमार गंझू मगध ऑगेर्नाइजिंग कमेटी का प्रेसिडेंट है और ट्रांसपोर्ट कंपनी चलाता है।

### पति-पत्नी ने रांची में की थी आत्महत्या, रेलवे ट्रैक के पास से मिला था शव

RANCHI : बुधवार को राजधानी रांची के अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक से सटा युवक-युवती का शव पुलिस ने बरामद किया था। ये दोनों कौन थे इसकी पहचान रांची पुलिस बुधवार को नहीं कर सकी थी। आज पुलिस ने दोनों की पहचान कर ली है। दोनों के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। जिन युवक-युवती का शव अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास से बरामद किया गया था उनकी पहचान लोहरदगा के रहने वाले के रूप में हुई है। युवक का नाम सुरेश महली है। वहीं युवती का नाम काजल है। दोनों पति-पत्नी हैं। दोनों की पहचान होने के बाद लोहरदगा से परिजन रिम्स पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, दोनों ने पारिवारिक समस्या के कारण आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस परिजनों से जानकारी जुटा रही है कि लोहरदगा से रांची में आकर दोनों ने आत्महत्या क्यों कर ली।

## राज्य के कई विभागों में पांच-छह वर्षों से एक ही जगह पर तैनात हैं कई कर्मचारी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को सदन में बताया गया कि राज्यभर के प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, निबंधन कार्यालय, डीपीएलआर कार्यालय सहित विभिन्न विभागों में कई कर्मचारी पांच-छह सालों से पदस्थापित हैं।

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में विधायक बिरंची नारायण ने इसे लेकर जानकारी मांगी थी। बोकारो जिले में भी ऐसे मामलों को लेकर सदन से सूचना की मांग की थी। इस पर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि पांच-छह सालों से एक ही कार्यालय में पदस्थापन की बात आंशिक तौर पर स्वीकारात्मक है।

साल में दो बार ट्रांसफर किए जाने के प्रावधान और उसके अनुपालन मसले पर विभाग ने बताया कि नियमित जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित की जाती है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्यालय हित में कर्मियों का ट्रांसफर, पोस्टिंग होती है। जिले में ही एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में ट्रांसफर के मामले पर विभाग का कहना है कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है। लंबे समय से कार्यरत कर्मियों के ट्रांसफर किए जाने के विचार पर विभाग ने कहा है कि आवश्यकतानुसार कार्यहित में कर्मियों का ट्रांसफर, पोस्टिंग जिला स्थापना समिति की बैठक के निर्णय के आधार पर होता है।

बोकारो सहित राज्यभर के दूसरे जिलों और विभागों में लंबे समय से जमे कर्मियों के बारे में बिरंची ने जानकारी मांगी थी। साथ ही पूछा था कि जिला स्तर पर कर्मचारियों के ट्रांसफर, पोस्टिंग और प्रतिनियुक्ति जिला स्थापना की बैठक के निर्णय के आधार पर साल में दो बार होती है। इस व्यवस्था का पालन बोकारो में नहीं हो रहा है। ऐसे कर्मियों के बारे में भी पूछा था जिनका नियुक्ति काल से लेकर अब तक जिले के एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक तक में ट्रांसफर नहीं हुआ है।

## आदिवासी महोत्सव-2023 : फिल्म फैशन, संस्कृति का होगा भव्य नजारा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में आदिवासी महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। पूरे देश की आदिवासी संस्कृति, परम्परा, वेशभूषा और खानपान का अनोखा संगम 9 और 10 अगस्त को झारखंड की धरती पर नजर आयेगा। झारखंड आदिवासी महोत्सव -2023में शामिल होने कई राज्यों से लोग आ रहे हैं। महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, आसाम, आंध्रप्रदेश, ओड़िसा, राजस्थान के जनजातीय समुदाय के मेहमान अपनी परम्परा और संस्कृति से राज्यवासियों को रूबरू कराएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नागपुरी, सराइकेला छऊ, डमकच, पायका समेत अन्य नृत्य की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की जाएगी।

एक ओर जहां लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे वहीं दूसरी ओर, आदिवासी भाषा के समक्ष चुनौती और अवसर, आदिवासी युवाओं के लिए उद्यमिता, जनजातीय व्यंजनों का विपणन, कृषि पारिस्थितिकी की प्रासंगिकता और महत्व समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा और परिचर्चा का आयोजना होगा। सेमिनार के जरिए आदिवासी इतिहास, मानवशास्त्र, आदिवासी अर्थव्यवस्था झ्र एक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की परिकल्पना, जनजातीय साहित्य-काल्पनिक और गैर-काल्पनिक जैसे विषयों पर लोग अपनी बातों को रखेंगे।

फिल्मों का प्रदर्शन और रैली

महोत्सव में 32 ट्राइब्स की रीझ रंग रसिका रैली निकाली जाएगी।ट्राइबल फिल्म फेस्टिवल का भी आयोजन होगा। जिसमें पहाड़ा, एड्पा काना, डीबी दुर्गा, बरदु, रवाह, सोंधैयानी, अबुआ पायका, द वॉटरफॉल, बैकस्टेज, सम स्टोरीज अराउंड विचेज, लाको बोदरा, छैला, द अगली साइड ऑफ ऑफ ब्यूटी, बंधा खेत, बठुन्दी, अजतान्त्रिक जैसी फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी।

## नीविया कंपनी का बिक रहा था नकली फुटबॉल, प्राथमिकी दर्ज

PHOTON NEWS RANCHI : कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार सरस्वती मार्केट में नीविया कंपनी का नकली फुटबॉल बिक रहा था। इसकी सूचना पर कंपनी ने छानबीन की। मामला सत्य प्रतीत होने पर कंपनी के जांच अधिकारी कौशिक पंजा ने कोतवाली थाना में स्पोर्ट्स एन स्पोर्ट्स के संचालक अमरेंद्र प्रसाद के विरुद्ध कापी राइट एक्ट उल्लंघन के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिये बयान में जांच अधिकारी ने कहा कि एक अगस्त को दिन के 12.30 बजे उनकी टीम ने जब उक्त स्पोर्ट्स दुकान में छापेमारी की तो वहां से नीविया ब्रांड के नकली फुटबॉल मिले। स्पोर्ट्स दुकान से पहले पांच नीविया ब्रांड के फुटबॉल खरीदे गए। फिर उसका बिल मांगा गया गया। बिल मांगने पर दुकानदार ने कच्चा बिल अपने दुकान का मोहर मार कर दिया गया। जांच में पाया गया कि सभी फुटबॉल नकली है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ओएलएक्स से स्कूटी खरीदने के चक्कर में गंवाये 32 हजार

PHOTON NEWS RANCHI : ओएलएक्स पर स्कूटी बेचने का एड डाल 32320 रुपए ठगी करने का मामला सामने आया है। मामला बरियातू थाना क्षेत्र का जुड़ा है। थाना क्षेत्र के चिरौंदी निवासी अशोक कुमार मिश्रा ने ओएलएक्स पर एक स्कूटी बेचने का एड देखा। उससे संपर्क किया तो स्कूटी वाले ने बताया कि वह आर्मी का जवान है। वह अपनी स्कूटी बेचना चाहता है। उसने पहले कहा कि प्रोसेस चार्ज के रूप में 1020 रुपए भेज दे। जब अशोक कुमार ने पैसे भेजे तो उसने फिर पैसे की मांग की। फिर उन्होंने पांच हजार, फिर एक हजार फिर, 25300 रुपए कुल 32320 रुपए उसके एकाउंट में डाल दिए। लेकिन ना ही उसने स्कूटी दिया और नाम ही पैसे वापस किए। तब उन्हें समझ आया कि वे ठगी के शिकार हो गए। इसके बाद उन्होंने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

## मोमिन कांफ्रेंस ने समस्याओं से मुख्यमंत्री को कराया अवगत

### अल्पसंख्यकों की संवैधानिक संस्थाओं के अविलंब गठन की मांग



सीएम को समस्याओं से अवगत कराते मोमिन कांफ्रेंस के सदस्य ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : अल्पसंख्यकों व मोमिनों के ज्वलंत मुद्दों व समस्याओं को लेकर मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात की और उन्हें 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा। नेतृत्व कर रहे प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली ने अल्पसंख्यकों व मोमिनों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए कहा कि झारखण्ड में मोमिनों को राजनीतिक में उचित भागीदारी दी जाए।

अल्पसंख्यकों के शिक्षा एवं विकास से जुड़े बोर्ड, आयोग, निगम एवं समितियों का अविलंब गठन किया जाए। अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों की मूलभूत सुविधाओं का समाधान करते हुए इन्हें अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान की मान्यता के स्टेटस प्रदान किया जाए एवं वित्त रहित शिक्षा नीति को समाप्त कर वित्त सहित किया जाए। झारखण्ड में मोमिनों की आबादी लगभग 15% है, जिनकी आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक स्थिति दयनीय है। मोमिन की स्थिति में सुधार के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं में उचित भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सभी तरह की नियुक्तियों में विशेष छूट व सुविधा दी जाए। बुनकरों की समस्याओं के समाधान के लिए बुनकर आयोग का गठन किया जाए। मॉबलिंचिग में मारे गए लोगों के परिवारों के जीवन यापन की समुचित व्यवस्था की जाए तथा शांति एवं स्वच्छ वातावरण में समुचित विकास के अवसर प्रदान किया जाए। उर्दू शिक्षकों के रिक्त पदों में अविलम्ब नियुक्ति की जाए तथा झारखंड में उर्दू अरबी विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए । झारखंड में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बढ़ाकर 27% किया जाए एवं पिछड़ा वर्ग की सूची में सम्मिलित अल्पसंख्यक को आबादी के अनुपात में आरक्षण दिया जाए।

### सीएम हेमंत सोरेन ने कहा- यह विधेयक केवल झारखंड ही नहीं, भाजपा शासित राज्यों में भी

# झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक से राज्य के युवाओं को मिलेगा अधिक मौका : हेमंत

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को झारखंड प्रतियोगी परीक्षा भर्ती एवं अनुचित साधन रोकथाम विधेयक 2023 को सदन ने बहुमत से पारित कर दिया। सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के समर्थन में कहा कि पहले यहां की नौकरियों में 75 फीसदी सीटों पर बाहरी आ जाते थे लेकिन अब यहां के युवाओं को इससे अधिक मौका मिलेगा। यह विधेयक केवल झारखंड ही नहीं, भाजपा शासित राज्यों में भी लाया गया है।

सदन में विधेयक का विरोध कर रहे भाजपा के विधायकों को नसीहत देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी विधायकों को भी उन प्रावधानों को भी पढ़ना चाहिये। हमलोगों ने तो कड़ी सजा को बहुत कम किया है। राज्य में 20 सालों तक भाजपा का राज रहा। इन्होंने नौजवानों के साथ भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। अब राज्य की नौकरियों में 20 फीसदी बाहरी ही घुस पा रहे।

इस विधेयक में सरकार ने ऐसा प्रावधान किया है कि परीक्षा संचालन में लगी एजेंसी, छात्र जो भी कदाचार में शामिल होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। एक परीक्षार्थी कदाचार करता है और उसका असर लाखों के भविष्य पर पड़ता है। झारखंड गठन के बाद पहली बार यहां के छात्रों के हित में इतना अहम विधेयक लाया गया है। इससे यहां के छात्रों के अधिकार का संरक्षण होगा।

विधायक विनोद सिंह ने प्रतियोगी परीक्षा विधेयक में करोड़ों रुपये तक के जुमार्ने, कारावास, बगैर जांच के जेल भेजे जाने जैसे मसलों को लेकर आपत्ति रखी। इसे प्रवर समिति के पास भेजने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित प्रावधान को स्पष्ट करके देखें कि स्टूडेंट्स ही इससे सबसे अधिक प्रभावित होंगे। वास्तव में नकल के मामले में राज्य में संगठित अपराध और गिरोह काम कर रहा है। छात्र ही इसके शिकार होते हैं। उन पर निगरानी की बात हो। बिना जांच के गिरफ्तारी और आईओ को असीमित अधिकार देना गलत है। इस विधेयक के लिए नियमावली बनी नहीं है। इसमें कई कमियां हैं। वैसे नकल रोकने की सरकार की चिंता लाजिमी है पर मूल आशय कमजोर हो रहा है।

भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि यह जल्दबाजी में लाया गया विधेयक है। इसे काला कानून के रूप में इतिहास में जाना जायेगा। गड़बड़ी की सूचना देने वाले भी फंसेंगे। छात्र हित में इसे प्रवर समिति को भेजें। बहुमत से पास कराने की जिद सरकार ना करे। लंबोदर महतो ने भी झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को समिति के पास भेजने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि जब राज्य में परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 लागू है तो ऐसे विधेयक का मतलब क्या है। यह काला कानून है। तकरीबन 40 प्रतिशत छात्र ऐसे हैं जो गरीब वर्ग से हैं। गरीब छात्र-छात्रा नौकरी का सपना रखता है। जाने अनजाने या सरकारी अफसरों के षडयंत्र में अगर वह फंसा तो बर्बाद हो जायेग।

महतो ने कहा कि इस विधेयक की धारा 23 और अन्य धाराएं इसे काला कानून बनाती हैं, जो आईओ होगा, बिना किसी आदेश के और वारंट के किसी को भी जेल भेज सकता है। यह सुप्रीम कोर्ट का गाइडलाइन है कि किसी भी मामले में अगले का स्पष्टीकरण हो। कारण जानें लेकिन इसका उल्लंघन इस विधेयक में होगा। जेपीएससी में वैसे एजेंसी को काम दिया गया है जो बिहार में ब्लैक लिस्टेड हैं, जिस पर आरोप है, एफआईआर है तो उसे चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिये।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के अल्पसंख्यकों को इंसाफ दो अभियान के तहत मुस्लिम समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को अंजुमन इस्लामिया रांची के नेतृत्व में आजसू विधायक सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो से मिला। इस दौरान बीते वर्ष रांची में हुई 10 जून 2022 की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल की ओर से कहा गया कि बीते वर्ष 10 जून की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की आपको पूरी जानकारी है और साथ ही बीते वर्ष ही आपने विधानसभा में यह मामला उठाया था। मगर आज तक इस मामलें में मुस्लिम समाज को ही कटघरे में खड़ा कर दिया गया है। जबकि यह मामला सिविलियन बनाम पुलिस था। इस मामले में आज तक जांच का पता नही। पूरे मामलें में मुस्लिम समाज को पुलिस ने दोषी बनाकर फंसा दिया गया है। इसपर माननीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह फसाने के लिए रचा गया षड्यंत्र है जिसमें लोग फंस गए, इसकी जांच अब सीधे कोई जांच एजेंसी से होनी चाहिए।

प्रतिनिधिमंडल में अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष हाजी मोख्तार अहमद, महासचिव डॉ तारिक हुसैन, आजसू के मोहसिन खान, जमीतुल राईन रांची के अध्यक्ष हाजी फिरोज, जमीतुल गद्दी पंचायत के अध्यक्ष मेराज गद्दी, सामाजिक कार्यकर्ता नदीम खान, अंजुमन के मो शाहिद टुकलु, मो नजीब, मो वसीम, मोहर्रम कमेटी के खलीफा इमरान खान सन्नी, झारखंड मुस्लिम युवा मंच के अध्यक्ष मो शाहिद अय्यूबी, सामाजिक कार्यकर्ता इम्तियाज सोनू,मो फारूक, शादाब राजा खान सल्लू, फैयाज गद्दी, आसिफ खान, मोदस्सिर इमाम शामिल थे।

BRIEF NEWS

### हल्ला बोल कार्यक्रम में नगर परीषद वार्ड के सैकड़ों लोग होंगे शामिल

**RAMGARH:** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी द्वारा आगामी 04 अगस्त को आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने क्षेत्र के तेलियातु गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान। लोगों को जागरूक कर उन्हें हल्ला बोल कार्यक्रम के सफल बनाने के लिए आग्रह किये। मौके पर उन्होंने बताया कि पिछले 15 वर्षों से कांग्रेस विधायक के द्वारा क्षेत्र के लोगों को छला जा रहा है। विधायक के उदासीन रवैये से पूरी जनता परेशान है। वर्तमान विधायक जनहित कार्य न कर अपनी झोली भरने में व्यस्त है। विधायक के कार्य से ग्रामीणों में काफी रोष है। इसी बाबत कल पतरातू प्रखंड में हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से विधायक को सचेत करेगी। या तो कार्य करो या फिर गद्दी छोड़ो। मौके पर कुलदीप वर्मा, अखिलेश महतो, विशेश्वर महतो, धर्मवीर महतो, संजय करमाली, कौलेश्वर महतो, गोकुल महतो, सुरेश महतो, राजेश महतो, पंकज मोदी, ओमप्रकाश महतो, झालो देवी, मूलो देवी, पातो देवी, गालों देवी, कदमी देवी, कविता देवी आदि यनय लोग उपस्थित थे।

### विधायक इरफान अंसारी की आपत्तिजनक टिप्पणी घोर निंदनीय : सतीश मोहन मिश्रा

**BHURKUNDA:** कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी द्वारा बुधवार को विधानसभा में आदिवासी समाज और भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने की भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने कड़े शब्दों में निदा की है। उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी द्वारा आदिवासी समाज को बुड़बक कहा गया और आदिवासियों का मजाक उड़ाया जो काफी शर्मनाक बात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के कितनी हितैषी हैं यह इरफान अंसारी के टिप्पणी से पता चलता है। जहां एक और भाजपा द्वारा आदिवासी महिला को भारत का राष्ट्रपति बनाया जाता है वहीं कांग्रेस पार्टी के विधायक द्वारा ऐसे मानसिकता का परिचय दिया जाता है जो समझ से परे है। श्री मिश्रा ने कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का भाजपा भुरकुंडा मंडल की ओर से घोर निंदा की है।

### बिजली पोल व तार को दुरुस्त करने की मांग को ले भुरकुंडा मुखिया ने पीओ को लिखा पत्र

**BHURKUNDA:** बिजली का पोल व तार दुरुस्त करने की मांग को ले गुरूवार को स्थानीय मुखिया अजय कुमार पासवान ने भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक को पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र में कहा गया है कि भुरकुंडा पंचायत क्षेत्र में बिजली की पोल व तार की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। साथ ही कई जगहों पर बिजली के तार पेड़ों के संपर्क में भी हैं। जिसके कारण बारिश के मौसम में पेड़ों में भी करंट आने की संभावना बनी रहती है। जिससे अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन में कहा गया है कि जर्जर बिजली पोलों की स्थिति ऐसी है कि वे कभी भी गिर सकता है। मुखिया अजय पासवान ने परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक से पंचायत क्षेत्र में जर्जर पोल व तार को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की मांग की है। वहीं पीओ मनोज पाठक ने मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए समस्या का जल्द समाधान करने की बात कही है। साथ ही पीओ मनोज पाठक ने मुखिया अजय पासवान से कहा कि कुछ लोग सीसीएल के बिजली का दुरूपयोग कर रहे हैं। वैसे लोगों को चिन्हित कर अपने पंचायत क्षेत्र में जागरूक करें ताकि ट्रांसफॉर्मर पर अधिक लोड न पड़े। और सुचारू से विद्युत आपूर्ति हो सके। खासकर सीसीएल के बिजली को कमर्शियल रूप में उपयोग नहीं करें। पिला बल्ब हीटर डबल कनेक्शन नहीं रखें इस जागरूकता अभियान में सीसीएल परिवार आपके साथ है।

# पवन यादव की दोस्तों ने ही की थी हत्या, 4 गिरफ्तार

## हत्याकांड के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने किया खुलासा

- पैसे लेनदेन विवाद को लेकर चाकू गोद कर की थी हत्या
- 2 नामजद की गिरफ्तारी, पूछताछ के बाद 2 अन्य भी धराए
- खून लगा चाकू, कपड़ा, बाइक व मृतक का मोबाइल बरामद


प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते एसडीपीओ किशोर कुमार रजक • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** पवन यादव हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर उद्भेदन कर दिया है। इस संबंध में रामगढ़ एसडीपीओ किशोर रजक ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते 1 अगस्त को घटित वारदात के उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। छापेमारी टीम द्वारा तकनीकी व वैज्ञानक अनुसंधान में मिले साक्ष्य के आधार पर दो प्राथमिक अभियुक्तों विकास नगर निवासी मो। हमास उर्फ मोटा और उसका बड़ा भाई मो। आजाद उर्फ सूर्या को गिरफ्तार किया गया।

दोनों से गहन पूछताछ के बाद इस हत्याकांड में संलिप्त मोटा व सूर्या की मां कौशर जहां और विकास नगर निवासी सोनू यादव को दबोच लिया गया। पकड़ाए अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने वारदात में प्रयुक्त खून लगा चाकू, मो. हमास का खून लगा कपड़ा, बाइक व मृतक का मोबाइल भी बरामद कर लिया है। एसडीपीओ ने बताया कि मो। हमास, सोनू यादव व पवन यादव आपस में मित्र थे। इनके बीच बकाया पैसे को लेकर विवाद हुआ था। इसी को लेकर दोस्तों ने ही सुनियोजित साजिश के तहत जरा टोला स्थित राधा गोविंद स्कूल के पास सुनसान मैदान में पवन यादव को ताबड़तोड़ चाकू गोद कर जख्मी कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर हालत में जख्मी को अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन, इलाज के दौरान पवन यादव की मौत हो गई।

इस संबंध में मृतक के परिजनों ने रामगढ़ थाने में दो नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने चारों गिरफ्तार आरोपितों को गुरुवार के दिन न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसडीपीओ किशोर कुमार रजक के नेतृत्व में गठित छापेमारी टीम में इंस्पेक्टर सह रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, दारोगा सैनिक समद, दारोगा प्यारे हसन, दारोगा नवीन कुमार, दारोगा प्रभात कुमार, दारोगा सुरेन्द्र सिंह कुंटिया, दारोगा रौशन कुमार, दारोगा मंटू चौधरी, दारोगा श्यामनंदन सिंह व रामगढ़ थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# रोबोरेस में शामिल प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया

**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ कैंट चट्टी बाजार स्थित टी.डी. क्लासेस में बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग लिमिटेड रामगढ़ के सौजन्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसदौरान रोबोरेस में शामिल प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मालूम हौ कि पिछले माह के 25 जुलाई से 27 जुलाई तक अंतर्राष्ट्रीय रोबोटिक के कई स्पर्धा आयोजित की गई थी। जिसमें भारत सहित 22 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इस स्पर्धा में रामगढ़ कैंट के भानु प्रताप सिंह टीम के 10 सदस्यों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और रोबोरेस कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसके उपलक्ष्य में सभी टीम सदस्यों को मंचासीन अतिथियों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। टीम लीडर भानु प्रताप सिंह ने नोएडा उत्तर प्रदेश में टेक्नीशियन द्वारा आयोजित रोबोटिक स्पर्धा के बारे में बताया और कहा कि हम लोगों का सौभाग्य रहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाइव टीवी के माध्यम से आधा घंटा हमारे स्पर्धा को देखा। आयोजनकर्ता सहित हम सभी के कार्य की सराहना की और कहा कि भारत की सुरक्षा के लिए अति आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोनू प्रताप सिंह, हरिशंकर सिंह, बी.एफ.एसी.एल के वाइस प्रेसिडेंट अनंत शंकर सेठ, जी.एम राकेश गुप्ता, संदीप सिंह जी एम पावर प्लांट जी.एम आशीष कटारिया, सुमित महेश्वरी , एस एल एम राजू , भाजपा नेता राजीव पामदत्त, राजेश ठाकुर बी.एफ.सी.एल के एजीएम उमेश मेहता, रूबी कुमारी, ऋषभ कुमार, पीयूष कुमार, प्रियांशु कुमार, आर्यन कुमार, केशव कुमार, प्रेम कुमार, लालू कुमार, पीयूष कांत, सहित कई अभिभावक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व मंचासीन अतिथियों को बुके तथा प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत और अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम का संचालन राजीव पामदत्त ने किया। तथा धन्यवाद ज्ञापन टी.डी क्लासेस के निर्देशक इंजीनियर भानु प्रताप सिंह द्वारा किया गया।


रोबोरेस में शामिल प्रतिभागियों को मेडल देते टी.डी. क्लासेस के सदस्य • फोटोन न्यूज

# रामगढ़ कॉलेज में अंगदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम, दिलाई सपथ


अतिथियों के साथ समारोह में उपस्थित लायंस क्लब के सदस्य • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** गुरुवार को रामगढ़ महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अंगदान जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी विभाग के डॉ राहुल कुमार ने अपने विचार और अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि मुख्यतः अंगदान दो तरह के होते हैं। कुछ अंगों को हम अपने जीवन काल में दान कर सकते हैं, तो दूसरे कुछ वैसे अंग है जो सिर्फ मरने के बाद दान किए जा सकते हैं। उन्होंने विस्तारपूर्वक दान की पूरी प्रकिया बताई और अंगदान के प्रति सबको संवेदनशील और जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय ने स्वयंसेवकों और आगंतुकों को अंगदान की शपथ दिलाई। इकाई दो की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अनामिका ने मंच संचालन किया।इस कार्यक्रम में राजा, विकास, अमित, राहुल, प्रदीप,उषा, दिव्या, पुष्पा, कुसुम आदि स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

## क्लब को बुलंदियों तक ले जायेंगी महिला पदाधिकारी : कमल जैन

# लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा का धूमधाम से मना 16वां पदस्थापना समारोह

- पूर्व पदाधिकारियों ने अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी को सौंपा पदभार, महिलाओं के नेतृत्व में नयी ऊंचाई पर क्लब को पहुंचाने का हुआ आह्वान



अतिथियों के साथ समारोह में उपस्थित लायंस क्लब के सदस्य • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** भुरकुंडा एयर टेल टॉवर स्थित उत्सव मैरेज हॉल में बुधवार की रात्रि लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा का 16वां पद स्थापना समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल जैन, माधव लखोटिया, राहुल वर्मा, सीमा बाजपाई, संजय कुमार, क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह में सत्र 2022-23 के क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, सचिव विजयंत कुमार व कोषाध्यक्ष अशोक सिन्हा ने क्लब के कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही नए सत्र के पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा गया। और क्लब का बैच लगाया गया। मौके पर कमल जैन ने कहा की लायंस क्लब पूरे विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक संस्थाओं में से एक है। इस बार क्लब की जिम्मेवारी महिलाओं के कंधे पर है। इससे हमसभी गौरवान्वित महसूसू कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि क्लब इनके नेतृत्व में नयी ऊंचाइयों को छुवेगा। श्री जैन ने लायन परिवार को हमेशा सामाजिक गतिविधियों में योगदान देने की बात कही। वहीं नये सत्र की अध्यक्ष माला शर्मा व सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार के क्षेत्र में क्लब कई प्रोजेक्ट चलायेगी। साथ ही जरूरतमंदों की सेवा के लिए क्लब हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। समारोह में 7 नये सदस्य शिवा प्रसाद, रेणु जयसवाल, अनिता कुमारी, रेणु सिंह, बबनी देवी, शिवम कुमार और प्रशांत यादव ने समाज व क्लबहित कार्य करते हुए इसे और बुंलदियों पर ले जाने का शपथ लिया। वहीं सोनाराम मांझी व संजय कुमार नये मेंबर एमजेएफ बने हैं। राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन एचएन यादव ने किया।

**समारोह में ये लोग थें मौजूद**

मौके पर नए सत्र 2023-24 की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, राजेश अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, विमल प्रसाद, अखिलेश शर्मा, एचएन यादव, अजय सिंह, संजय सिंह, सोनाराम मांझी, संजय कुमार, शिवा प्रसाद, शोभा राय, शीला देवी, सरिता देवी, विभा रानी, आशा अग्रवाल, अनीता देवी, रामगढ़ लायंस क्लब के प्रेसिडेंट विजय हरलालका, सचिव एसएन सोंधी, रमन मेहरा, रामगढ़ चेंबर के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, सचिव मानु चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष मंजीत साहनी, रोटरी क्लब भुरकुंडा के अध्यक्ष अशोक शर्मा, परमजीत सिंह धामी, भुपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। मौके पर संजय कुमार, राजीव आनंद, राजेश अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, विमल प्रसाद, हेमंत शरण, अखिलेश शर्मा, एचएन यादव, अजय सिंह, संजय सिंह, संजय चैधरी, शिवा प्रसाद, सुनील प्रसाद, जिबू सिंह सैनी, विजय वर्णवाल, सोनाराम मांझी, शोभा राय, शीला देवी, सरिता देवी, विभा रानी, आशा अग्रवाल, अनीता देवी, शिवम कुमार रोटरी क्लब के परमजीत सिंह धामी, अशोक शर्मा, उपस्थित थे।

# रैयतों की समस्याओं का हर हाल में होगा समाधान : सतीश सिन्हा

## सयाल खुली खदान के मूल रैयतों के साथ अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने की बैठक

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महासचिव सतीश सिन्हा ने गुरूवार को सयाल खुली खदान के मूल रैयतों के साथ बैठक की। बैठक में सतीश सिन्हा ने कहा गया की जहां सयाल खुली खदान चल रहा है वहां पर 35.56 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया है। बावजूद इसके सिर्फ तीन लोगो को ही नोकरी मिला है। उसके बाद न तो किसी को नोकरी मिली न ही मुआवजा और ना ही सेल समिति का जिम्मा मिला है। इन रैयतो के समर्थन में एजेकेएसएस के महासचिव सतीश सिन्हा ने प्रबंधन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है की रैयतो की मांगों पर प्रबंधन अविलंब पहल करते हुए समाधान करे। अन्यथा रैयतों समर्थन में एजेकेएसएस आंदोलन का रूख अख्तियार करेगी। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। बैठक में सतीश सिन्हा, रणधीर साव, विनोद सिंह, रामदेव सिंह, गोवर्धन सिंह, हीरालाल सिंह, वीरू सिंह, संतोष सिंह, राजू सिंह, जटल सिंह, कमलेश कुमार, सनी सिंह, बबलू हेम्ब्रम आदि मौजूद थें।



रैयतों के साथ बैठक में उपस्थित संघ के सदस्य • फोटोन न्यूज

### पीवीयूएन पतरातु में मनाई भारतीय अंगदान दिवस, लिया गया सामूहिक शपथ

**BHURKUNDA:** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पीवीयूएन पतरातु में गुरूवार को भारतीय अंगदान दिवस महोत्सव के रूप में मनाया गया। कहा गया कि यह भारत में पहले सफल मृतक हृदय प्रत्यारोपण की याद दिलाता है। यह दिवस मृतक दाताओं और उनके परिवारों द्वारा समाज में किए गए योगदान के लिए मनाता है। कहा गया कि इस दिन को चिन्हित करने और जागरूकता फैलाने के लिए पीवीयूएन के चिकित्सा विभाग द्वारा एडमिन बिल्डिंग के कॉन्फ्रेंस हॉल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पीवीयूएन सीईओ रवींद्र कुमार द्वारा मृत्यु के बाद परिजनों द्वारा अंग दान करने व जागरूकता फलाने को ले अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई।

# चांदनी करमाली ने ब्लू बेल्ट में सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया

**PHOTON NEWS RAMGARH:** कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चुरचू की छात्रा चांदनी करमाली पिता स्व. राजेश करमाली ने ब्लू बेल्ट (कराटे) में सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र, समाज एवं चरही का नाम रोशन किया। करमाली समाज के सदस्यों ने चांदनी करमाली के घर पर जाकर इस उपलब्धि के लिए फूल मालाए पहनाकर और लड्डू खिलाकर बधाई दिया। मैं यह मेडल अपने देश के करोड़ों लोगों को डेडिकेट करती हूं चांदनी ने कहा कि मेरे लिए यह सपना सच होने जैसा है। मैं यह मेडल अपने देश, राज्य, जिला और यहां के करोड़ों लोगों को डेडिकेट करती हूं। मैं अपने परिवार वालों को शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। मेरी मां ने मेरे इस सफर में काफी साथ दिया। उन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मेरे लिए कई त्याग किए। वही चांदनी की माँ मो. मानसो ने अपनी बेटी की सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। जीत का श्रेय विद्यालय प्रबंधन को देना चाहती हूं चांदनी ने कहा- मैं इस जीत के लिए अपने विद्यालय प्रबंधन को थैंक यू कहना चाहती हूं। उन्होंने मुझसे लगातार मेहनत करवाई। उनके दिशा-निर्देश में ही मुझे मोटिवेशन मिला और ट्रेनिंग की। इधर, करमाली समाज चरही के अध्यक्ष अर्जुन करमाली, सचिव बबलू करमाली एवं कार्यकारिणी सदस्य बिनोद करमाली उर्फ सीटन, विरजु करमाली, तनू करमाली, विक्रम करमाली, दिनेश करमाली, मिरची करमाली, प्रदीप करमाली, रमन करमाली (चाचा), सुरज करमाली, शशि करमाली एवं चांदनी के परिवार के अन्य सदस्य ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।



## बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर दो करोड़ 19 लाख की लागत से बनेगी सड़क

# दो किलोमीटर पथ निर्माण की मिली प्रशासनिक स्वीकृति सड़क की दयनीय स्थिति के लिए विधायक ने लिखा था पत्र


विधायक अंबा प्रसाद

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** पतरातू प्रखंड अंतर्गत तालाटांड़ मेन रोड से भुंइया टोली तक लगभग 2 किलोमीटर पथ का निर्माण यथाशीघ्र शुरू होगा। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान हो गई हैं। उक्त सड़क के निर्माण के लिए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की पहल एवं अनुशंसा पर लगभग दो करोड़ 19 लाख की लागत आएगी। इस संदर्भ में विधायक अंबा प्रसाद ने गुरूवार को प्रेस बयान जारी कर बताई की सड़क निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई है। बहुत जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि सड़क विकास का पैमाना होता है। जन समस्याओं का समाधान व क्षेत्र का चहंमुखी विकास मरी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। ज्ञात हो कि विगत दिनों ग्रामीण कार्य विभाग को पत्र भेजकर विधायक अंबा ने सड़क की दयनीय स्थिति से अवगत कराया गया।

जिसमें अंबा प्रसाद ने कहा था कि उक्त सड़क काफी जर्जर है जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे आये दिन छोटी-मोटी दुर्घटना के कारण लोगों के घायल होने सूचना मिलते रहती है। विधायक ने प्राथमिकता के आधार पर सड़क का निर्माण कराने की बात कही थी। इधर स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

**इन सड़कों की होगी विशेष मरम्मती कार्य**

घुटवा से उरलौंग तक की 2.5 किमी, भंडरा से घाघरा तक की 1.4 किमी, चिकोर से किन्नी तक की 11.8 किमी, चेतमा से लेम तक की 1.9 किमी पथ की भी विशेष मरम्मती कार्य कराया जाएगा। इस संदर्भ में प्राक्कलन बनाकर स्वीकृति हेतु विभाग को भेज दिया गया है। जल्द ही इन सभी सड़कों का निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। जिसमें लगभग 8 करोड की लागत आएगी। विधायक के इस पहल के लिए कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, असगर अली, अंजन प्रसाद, राजू पांडेय, प्रदीप साहू, अमित साव सहित अन्य कांग्रेसियों व ग्रार्मीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था : रोशनलाल चौधरी



**PHOTON NEWS RAMGARH:** नगर परिषद के तेलियातु में कुछ दिन पूर्व बिजली की कड़क से ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी एंव नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो की दी सूचना मिलते ही उन्होंने विभाग से बात कर तुरंत नया ट्रांसफार्मर दिलवाए। जिसका उदघाटन आज रोशनलाल चौधरी एंव मनोज कुमार महतो के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर रोशनलाल चौधरी ने बताया कि ने पिछले कई दिनों से बिजली की समस्या से परेशान थे। बहुत से ऐसे कार्य है जो विद्युत के बिना संभव नहीं है, ऐसे में बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बच्चों की पढ़ाई भी अवरुद्ध हो गई थी।विद्युत व्यवस्था बहाल हो जाने से तेलियातु के लगभग सैकड़ों की आबादी लाभान्वित होंगे। गांव में बिजली आने से ग्रामीणों ने रोशनलाल चौधरी एवं मनोज कुमार महतो के प्रति आभार प्रकट किए। मौके पर अखिलेश महतो, विशेश्वर महतो, धर्मवीर महतो, संजय करमाली, कौलेश्वर महतो, गोकुल महतो, सुरेश महतो, राजेश महतो, पंकज मोदी,ओमप्रकाश महतो,झालो देवी, मूलो देवी, पातो देवी, गालों देवी, कदमी देवी, कविता देवी आदि यनय लोग उपस्थित थे।

# शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया में खामी: विभाग ने निजी एनजीओ से तैयार कराया सरप्लस शिक्षकों की सूची

## जिस विद्यालय में 142 छात्रों पर दो शिक्षक वहां एक को सरप्लस बता हटाने की तैयारी

- शिक्षक संघों ने सूची पर जतायी आपत्ति, कहा 142 छात्रों को एक शिक्षक कैसे पढ़ा सकता, सूची तैयार करने से पहले थोड़ा दिमाग लगा लेते पदाधिकारी, हर स्कूल में जब कम से कम 2 शिक्षक जरूरी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** राज्य के सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के ट्रांसफर के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा ट्रांसफर-पोस्टिंग पोर्टल पर अपलोड किए गए राज्य के सरप्लस शिक्षकों की सूची जबसे अपलोड की गयी है। तब से इस पर शिक्षक गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इसमें सांशोधन की मांग कर रहे हैं। इस इस सूची में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी ने अलग अलग कई गलतियां निकालते हुए उस पर आपत्ति जताते हुए सूची में संशोधन की मांग की है। शिक्षकों का आरोप है कि सरप्लस शिक्षकों की सूची तैयार करने में राईट टू एजुकेशन का उल्लंघन किया गया है। क्यों कि इसके आधार पर 30 छात्रों पर एक शिक्षक होना ही चाहिए। जहां बच्चों के अनुपात में पदस्थापित शिक्षकों की संख्या कम है वहां भी सरप्लस दिखाया गया है। इस संबंध में संघ का एक प्रतिनिधिमंडल डीएसई से मिलकर सरप्लस शिक्षकों की सूची को संसोधित करने की मांग की है। संघ के सुनील कुमार ने कहा कि अगर इस सूची को एक निजी एनजीओ ने तैयार किया है। जिसे लगता है सरकारी स्कूलों के बारे में कुछ भी पता नहीं है।

### सूची में किस प्रकार की हुई गलती

1. उत्क्रमित मध्य विद्यालय बादिया उर्दू यहां 6 से 8 तक में कुल 142 छात्र नामांकित है जिन्हें पढ़ाने के लिए दो शिक्षक कार्यरत है। इसमें से एक शिक्षक को सरप्लस दिखाया गया है। जबकि छात्र संघा के अनुपात में कम से कम यहां 4 शिक्षक होने चाहिए। इस प्रकार यहां पहले से ही दो शिक्षक कम हैं लेकिन विभाग की सूची में यहां एक शिक्षक सरप्लस है।
2. मवि घासपदा में 6-8 वीं कक्षा में कुल 98 बच्चों पर तीन शिक्षक कार्यरत है, दो को सरप्लस दिखाया गया है। जबकि छात्र संख्या के अनुपात में तीन शिक्षक ही होने चाहिए। अगर इन सरप्लस शिक्षकों को हटा दिया गया गया तो यहां सिर्फ एक शिक्षक ही बचेगा।
3. उमवि धातकीडीह, घाटशिला में 1-5 में 109 बच्चों पर 4 शिक्षक कार्यरत है, 6-8 में कोई भी शिक्षक नहीं है ऐसे में यहां रिक्ति दिखलानी चाहिए थीं लेकिन यहां एक शिक्षक को सरप्लस दिखाया गया है।
4. उमवि सारजामदा, जमशेदपुर - 2 में वर्ग 1-5 में 212 छात्र पर 4 शिक्षक कार्यरत है ।, 6-8 में 191 छात्र पर कोई भी शिक्षक नहीं है। ऐसे में इस विद्यालय में 1 से 8वीं कक्षा में 403 छात्र हैं जिनहें जबकि 2 शिक्षक को सरप्लस दिखाया गया है।
5. प्लस टू उच्च विद्यालय खंडामौदा में वर्ग 1-5 में 75 बच्चों पर तीन शिक्षक कार्यरत है, यहां 2 को र४१स्र'४२ दिखाया गया है। अगर इन दोनों को हटा दिया गया तो यहां 75 बच्चों को पढ़ाने के लिए सिर्फ एक शिक्षक ही बचेंगे।

### शिक्षकों को यहां भी आपत्ति

- एक शिक्षकीय विद्यालय में रिक्ति नहीं दिखाई गई है। जबकि यह जरूरी है।
- ग्रेड 4 में सृजित इकाई पर प्रोन्नति के उपरांत विधिवत रूप से पदस्थापित शिक्षकों को भी सरप्लस दिखाया गया है।
- प्राथमिक विद्यालय जहां 2 शिक्षक अनिवार्य वहां भी एक शिक्षक को सरप्लस दिखाया गया है।
- ऐसा प्रतीत होता है कि पुराने छात्र संख्या के आधार पर उक्त सूची निर्मित है। वर्जन: सरप्लस शिक्षकों की सूची पर नजर डालें तो ऐसा लगता है कि इसे किसी ऐसे व्यक्ति ने तैयार किया है जिसे स्कूलों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। संबंधित एनजीओ के लोगों ने अपने कार्यालय में बैठकर सूची तैयार कर दी है।

## विधायक प्रत्याशी ने हल कराई जल जमाव की समस्या

**ROURKELA:** शहर में बारिश जारी है। इससे कई इलाकों के घरों में पानी घुस गया है।रघुनाथपाली विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर-20 इंटर के कोयल बस्ती इलाके में घरों में पानी घुसने से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। इस संबंध में रघुनाथपाली के पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रशांत सेठी ने अपने समर्थकों को लेकर पंप हाउस बस्ती पहुंचे। क्षेत्र की समस्या को अपनी आंखों से देखकर उन्होंने इसके समाधान के प्रयास शुरू किया। राउरकेला इस्पात कारखाना के टाउन इंजीनियरिंग विभाग के जीएम प्रभारी को फोन पर समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया। घटना का जायजा लेने के लिए टाउन इंजीनियरिंग के अधिकारी पहुंचे।स्थिति को देखते हुए जेसीबी तुरंत मंगाकरबस्ती के पानी की निकासी के लिए मिट्टी खोदी और पानी को कोयल नदी की ओर निकालना शुरू कर दिया। इसके लिए प्रशांत सेठी ने आरएसपी टाउन इंजीनियरिंग विभाग को धन्यवाद दिया और विपरीत मौसम में आकर अपना कर्तव्य निभाने वाले सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## वर्कर्स यूनियन ने माइकल जॉन को किया याद




**JAMSHEDPUR:** गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के हॉल में यूनियन के पूर्व अध्यक्ष स्व. माइकल जॉन को याद किया गया ' कार्यक्रम सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया । फिर बिस्टुपुर स्थित उनकी कब्रिस्तान पर जाकर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. माइकल जॉन ने राष्ट्रीय इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार इंटक के अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने मजदूरों की सेवा की' नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ मिलकर भी उन्होंने हमारे शहर की कई बड़ी यूनियनों के आंदोलनों का प्रतिनिधित्व किया था ' वे इंडियन नेशनल मेटल फेडरेशन एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का भी प्रतिनिधित्व करते रहे थे इस अवसर पर गोलमुरी टिन प्लेट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे , महामंत्री मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, सतनाम सिंह, गौतम डे,मुन्ना खान,ए रमेश राव, वकील खान, साईं बाबू राजू, जगजीत सिंह, संजय कुमार, नवल किशोर सिंह, नवजोत सिंह सोहल, अनिल कुमार, सूर्य भूषण शर्मा एवं टिनप्लेट कंपनी के कई मजदूर उपस्थित थे।

## विधायक सरयू राय ने विधानसभा में उठाया को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के मान्यता का मुद्दा

**JAMSHEDPUR:** झारखंड विधानसभा में गुरुवार को शून्यकाल के दौरान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर स्थित जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज की मान्यता संबंधी मामला उठाया। उन्होंने सभा अध्यक्ष से इस बारे में सरकार को मंत्रिपरिषद के माध्यम से स्वतंत्र लॉ कॉलेज की मान्यता दिलाने के लिए निर्देश देने का आग्रह किया। सरयू राय ने कहा कि यह कोल्हान का एक मात्र सरकारी कॉलेज हैं। लेकिन यह संसाधनों की कमी से से जुझ रहा है।

22 साल पहले इस कॉलेज की

# आरएसपी : जुलाई माह में हुआ अब तक का सर्वश्रेष्ठ इस्पात उत्पादन



**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) ने वित्त वर्ष 2023-24 में प्रमुख क्षेत्रों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन निष्पादन दर्ज किया। अप्रैल-जुलाई के दौरान संयंत्र ने 1503879 टन हॉट मेटल, 1373483 टन क्रूड स्टील और 1381750 टन विक्रेय योग्य स्टील का उत्पादन कर उपरोक्त अवधि में इन तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस्पात संयंत्र ने सीपीएलवाई. (पिछले साल की इसी अवधि) की तुलना में हॉट मेटल में 4.8%, क्रूड स्टील में 3.3% और सेलेबल स्टील में 12.9% की भारी वृद्धि दर्ज की, जो संयंत्र के पहले का सर्वश्रेष्ठ अप्रैल-जुलाई से भी अधि?क थे। ब्लास्ट फर्नेस-5 ने चालू वित्त वर्ष के पहले 4 महीनों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 967097 टन हॉट मेटल का उत्पादन किया, जो सीपीएलवाई 2018 में हासिल किए गए 928529 टन के सर्वश्रेष्ठ उत्पादन को पार कर गया। इसी तरह, स्टील मेल्टिंग शॉप-क्क ने 1203142 टन क्रूड स्टील का उत्पादन किया। उपरोक्त अवधि में वर्ष-दर-वर्ष 2.5% की वृद्धि हुई। सिंटर प्लांटों ने चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों यानी अप्रैल-जुलाई में 2373507 टन का सर्वश्रेष्ठ सिंटर उत्पादन करके शानदार प्रदर्शन किया।

आर.एस.पी. ने अप्रैल-जुलाई में 1339540 टन सेलेबल स्टील का प्रेषण करके अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रेषण हासिल किया, जिससे सीपीएलवाई में प्राप्त 1218146 टन के अपने पहले के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार हुआ। जुलाई, 2023 में उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, इस्पात संयंत्र ने क्रूड स्टील (370,523 टन) और सेलेबल स्टील (408,776 टन) में अपना सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन हासिल किया, जबकि हॉट स्ट्रिप मिल-2 और न्यू प्लेट मिल ने भी क्रमशः 2,23,081 टन एच.आर. क्वायलों और 90,200 टन प्लेटों का उच्चतम मासिक उत्पादन कर अपना सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन दर्ज किया। इसके अलावा, सीपीपी-क और सीपीपी-क्क्क ने जुलाई, 2023 में सामूहिक रूप से 74.1 मेगा वाट का उत्पादन किया, जो उनके सर्वश्रेष्ठ मासिक निष्पादन को दशार्ता है।

आरएसपी के प्रभारी निदेशक अतनु भौमिक ने उत्साहपूर्ण उत्पादन के लिए कर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने उनसे उद्योग में आगे बढ़ने और नए मानक स्थापित करने के लिए सुरक्षा और तकनीकी-आर्थि?क पर विशेष ध्यान देते हुए आगे बढ़ने का आग्रह किया है।

# समर्पण की ओर से शाम-ए-रफी का आयोजन, झूमे श्रोता

**PHOTON NEWS ROURKELA:** शहर में राउरकेला क्लब में गुरुवार को सामाजिक संस्था समर्पण की ओर से शाम-एफ-रफी का आयोजन किया गया। अनिल बावरा और पवन राजा जैसे कलाकारों ने रफी के नगमों से शमां बांध दिया और दर्शक देर शाम तक इनके द्वारा गाये गीतों को सुनते रहे। मुख्य अतिथि सीआइएसएफ के कमांडेंट अशोक जलवानिया ने शाम का उदघाटन किया जिसके बाद कलाकारों ने गीतों की झड़ी लगा दी। कार्यक्रम में चैंबर के अध्यक्ष सुनील कयाल सहित पूर्व पार्षद अफरोज अहमद, बीजद के मो.खालिद अजीज सहित शोमा चक्रवर्ती आदि मौजूद थे।



**समाजसेवा के लिए जसविंदर सिंह गोल्डी सम्मानित**

मौके पर बीजद के अल्पसंख्यक सेल के नेता जसविंदर सिंह गोल्डी को समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। खासकर कोरोनाकाल में लोगों की मदद करने के लिए उनकी सराहना की गयी। जसविंदर सिंह ने कहा कि समर्पण

# भारी बारिश से जीवन अस्त- व्यस्त निचली बस्तियों में जलजमाव

**PHOTON NEWS ROURKELA:** शहर में भारी बारिश के कारण मंदिरा डैम के ग्यारह दरवाजे खोल दिए गए हैं। इससे ब्राह्मणी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। राउरकेला और सुंदरगढ़ में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को प्रशासन ने गुरुवार को बंद कर दिया है। बुधवार दोपहर 12 बजे से शुरू हुई मूसलाधार बारिश से शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया है। आज भी कुछ बस्ती इलाकों में पानी भरा हुआ है।नदियाँ उफान पर हैं, निचले हिस्से में रहने वाले लोग आतंक में हैं।



**इन बस्तियों में भरा पानी**

रेलवे कॉलोनी बस्ती, डेलीमार्केट हरियाणा भवन गली, वेदब्यास, डांडिया पाली आदि इलाकों में बारिश का पानी भर गया। गोपबंधु पाली की नया बस्ती में पानी घरों घुसने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, प्लांट साइट रोड के सरला बस्ती इलाके में भी पानी भर गया। आरएसपी दीवार के किनारे कचरा के जमावट के कारण पानी की निकासी जल्दी नहीं हो पा रही है। सरला बस्ती,मेन रोड के मगुनी बस्ती के हालत भी ऐसे ही है। नदी के निकवर्ती इलाको में रहने वालों बस्तीवासी को भी सतर्क रहने के लिए सलाह प्रशासन की ओर से दी गई है।

## राउरकेला नगर आयुक्त ने नागरिक योजनाओं व सुविधाओ की समीक्षा की



**ROURKELA:** राउरकेला नगर निगम में आज आरएमसी आयुक्त डॉ. शुभंकर महापात्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आरएमसी के अधिकारी और एसडीए सदस्य उपस्थित थे। डॉ. महापात्रा ने टीम को सभी एसडीए सदस्यों की मदद से आईजीएपी को पूरा करने और डीलिस्टिंग प्रस्ताव को यूएएसआरआरसी अनुमोदन के लिए तैयार रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को सड़कों, नालियों, खुले स्थानों के निर्माण, एलईडी लाइटें लगाने और स्लम बस्तियों में पीने की व्यवस्था जैसे विकास कार्यों में तेजी लाने का भी निर्देश दिया।

# जमशेदपुर के उमा हॉस्पिटल में शव को चूहों ने कुतरा, परिजनों ने किया हंगामा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर के नेशनल हाइवे-33 स्थित उमा हॉस्पिटल में गुरुवार को एक शव को चूहों ने कुतर दिया। इसके बाद उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान काफी संख्या में लोग जुट गए। बढ़ते मामले को देखते हुए मौके पर दल-बल के साथ उलीडीह पुलिस भी पहुंची। आक्रोशित परिजनों को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे। मामला एसएसपी प्रभात कुमार तक पहुंच गया। परिजन एसएसपी से मिलकर अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इसे देखते हुए शव का देर शाम पोस्टमार्टम हुआ। साथ में उसका वीडियोग्राफी भी कराई गई है। ताकि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई हो सकें।



अस्पताल में शव के पास परिजन • फोटोन न्यूज

**क्या है मामला**

सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड स्थित काडरगमा निवासी सहदेव महतो (30) का बीते शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। इसके बाद उसे जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल लाया गया। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स भेज दिया गया। वहां पर सर्जरी करने की बात कहीं गई। इसके बाद पीड़ित को उसके परिजन वापस जमशेदपुर लेकर चले आएं और एक अगस्त को उमा हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इस दौरान चिकित्सकों ने मरीज को देखा और उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर बताई। तीन अगस्त को ऑपरेशन होने का तिथि निर्धारित किया गया लेकिन इससे पूर्व ही दो अगस्त की रात मरीज की मौत हो गई। इसके बाद शव को परिजनों ने रातभर अस्पताल में ही छोड़ दिया। सुबह जब शव लेने आए तो देखा कि शव का निचले होंठ व एक आंख को चूहों ने कुतर दिया है। जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया।

**आधे घंटे में शव ले जाने की बात कह नहीं ले गए परिजन**

उमा हॉस्पिटल के संचालक डा. ओम प्रकाश ने कहा कि इसमें अस्पताल प्रबंधक की लापरवाही कहीं नहीं है। मरीज की मौत होने के बाद परिजनों को स्पष्ट किया गया कि यहां शव गृह नहीं है। ऐसे में शव को टीएमएच या फिर एमजीएम के शव गृह में रखवा दें।

## टाउन हॉल, सिदगोड़ा में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का होगा आयोजन

# स्वतंत्रता दिवस पर गोवपाल मैदान में होगा समारोह

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** पूर्वी सिंहभूम जिल में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्यता से मनाया जाएगा । समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला स्तरीय मुख्य समारोह की तैयारी को लेकर सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा झ निर्देश दिया गया । बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक गज परियोजना, जमशेदपुर अभिषेक कुमार, डीएफओ ममता प्रियदर्शी, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा समेत अन्य वरीय एवं विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे ।



समाहरणालय सभागार में बैठक करते डीसी एसपी व अन्य • फोटोन न्यूज

15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह को लेकर बैठक में विमर्श किया गया एवं संबधित पदाधिकारियों को आयोजन से संबंधी जिम्मेदारी दी गई । उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजन समिति का गठन किया गया है । गौपाल मैदान में सुबह 09:05 बजे झंडोतोलन किया जाएगा । वहीं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन सिदगोड़ा टाउन हॉल में किया गया है जिसमें विभिन्न सरकारी स्कूलों के बच्चे अपनी प्रस्तुति देंगे। अनुमंडल पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/नगर निकाय पदाधिकारी को स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर उनके घर जाकर सम्मानित करने का निदेश दिया गया । वीर शहीदों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा की साफ-सफाई, माल्यार्पण का निदेश संबंधित नगर निकाय पदाधिकारी/ प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया । स्कूल के विद्यार्थियों के बीच पेंटिग/ड्रॉइंग आदि कंप्टिशन कराये जाएंगे, प्रभात फेरी निकाली जाएगी। गोपाल मैदान स्थित मुख्य समारोह स्थल की तैयारी एवं इस हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था करने की जिम्मेदारी विशेष पदाधिकारी-जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति को देते हुए एनडीसी एवं जुस्को के प्रतिनिधि के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही गई। जुस्को प्रबंधन को मैदान की साफ-सफाई एवं रखरखाव तथा डीएसपी ट्रैफिक को सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम स्थल में अग्निशामक वाहन तथा एंबुलेंस की तैनाती रहेगी।

**10 अगस्त से शुरू होगा परेड का पूर्वाभ्यास:**

परेड में 8 टुकड़ियां शामिल होंगी जिनमें आर.ए.एफ, डी.ए.पी (महिला/पुरुष), जैप-6, होमगार्ड, एनसीसी (महिला/पुरूष ), स्कॉउट एंड गाइड को शामिल किया जाएगा। रिहर्सल कार्यक्रम चार दिनों का होगा जिसमें 10, 11, 12 को अभ्यास के पश्चात 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल होगा। बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, एनईपी निदेशक ज्योत्सना सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन आदि शामिल हुए।

# इस्पात जनरल अस्पताल में घुटना के सफल ऑपरेशन से रोगियों के जोड़ों की दर्द से राहत



**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला इस्पात संयंत्र के इस्पात जनरल अस्पताल के चिकित्सक पिछले 20 वर्षों से घुटने और कमर का ऑँपरेशन सफलतापूर्वक कर रहे हैं। इस सुविधा से क्षेत्र एवं आसपास के सैकड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं।

हाल ही में एक 70 वर्षीय महिला और हमारे एक कर्मचारी की माँ को गंभीर जोड़ों के दर्द, चलने-फिरने में असमर्थता के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विशेषज्ञ मेडिकल टीम में शामिल अस्थि विशेषज्ञ (ऑथोर्पेडिक) यूनिट और एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के समर्पित अस्थि विशेषज्ञ शल्य चिकित्सक और कुशल मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ), डॉ. एलके.बिस्वाल के मार्गदर्शन में सपल ऑँपरेशन किया है।

मेडिकल टीम के सामूहिक प्रयासों और विशेषज्ञता के कारण सर्जरी सफल हुई। ऑपरेशन के बाद की प्रभावी देखभाल ने मरीज को ठीक होने में काफी मदद की। फिलहाल वह रिहैबिलिटेशन में हैं जहाँ उन्हें जरूरी फिजियोथेरेपी दी जा रही है। व्यायाम से मरीज अपने जोड़ों को पहले की तरह स्वतंत्र रूप से हिलाने-डुलाने में सक्षम हो रही है।

# हिंसा पर जल्द लगाम


हिंसा रोकने की हर कोशिश स्वागतयोग्य और अनुकरणीय है। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ही हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के जवाब में राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शनों के दौरान कोई भड़काऊ भाषण या हिंसा न होने पाए। राज्य के अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने, प्रदर्शनों की वीडियोग्राफी करने और घटना के सीसीटीवी फुटेज रखने का निर्देश दिया गया है। वाकई, जहां कहीं भी उपद्रव हो रहे हैं, वहां ईमानदारी से दस्तावेजीकरण जरूरी है, ताकि बाद में उपद्रवियों को सजा दिलाने में सुविधा हो। यह कहने में कोई हिचक नहीं कि हरियाणा सरकार को अपने स्तर पर ही हिंसा को नियंत्रित करना चाहिए था और सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप की जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए थी। अगर हर बार हिंसा रोकने की गुहार न्यायपालिका से करनी पड़े, तो विधायिका व कार्यपालिका की सार्थकता कितनी रह जाती है? यह बात चौंकाती है कि नूंह में हिंसा के विरुद्ध सड़कों पर अनेक जगह प्रदर्शन हुए हैं, जबकि माहौल को शांत करने के लिए इनको रोकना जरूरी है। इतिहास गवाह है कि ऐसे प्रदर्शन न केवल शक्ति प्रदर्शन के लिए होते हैं, बल्कि इनमें अराजक तत्वों की भागीदारी प्रशासन की ढिलाई के साथ बढ़ती चली जाती है। किसी भी प्रकार की हिंसा का पक्ष लेने वाले प्रदर्शन को हर हाल में रोकना चाहिए। यह राष्ट्रीय राजधानी की नाक का भी सवाल है। यह इस क्षेत्र के तमाम जन-प्रतिनिधियों के लिए भी सजगता का समय है। पुलिस को ऐसे तमाम नेताओं पर निगाह रखनी चाहिए, जो उग्रता या हिंसा के प्रति प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन दर्शा रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है, जो किसी के हितैषी नहीं हैं और जिनका मकसद केवल उपद्रव को उकसाना है। नूंह की हिंसा और उसके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पर असर को हल्के में नहीं लिया जा सकता। वहां 31 जुलाई को भड़की सांप्रदायिक हिंसा के बाद से अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। सौ से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, पर जहां हजारों लोगों के दिमाग में सांप्रदायिकता का जहर भरा हो, वहां प्रशासन को भी व्यापकता में कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए। सांप्रदायिक आधार पर किसी भी दोषी को बचाने की जरूरत नहीं है। अगर हम आज एक अराजक तत्व को बचाएंगे, तो कल ऐसे दस तत्व पैदा हो जाएंगे। हरियाणा सरकार अपने ढंग से हिंसा को रोकने के लिए सक्रिय है,पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद पुलिस अधिकारियों को भी ज्यादा जिम्मेदारी का परिचय देना होगा। स्थिति को संभालने के लिए अर्द्धसैनिक बलों की 14 इकाइयां नूंह, तीन पलवल, दो फरीदाबाद और एक गुरुग्राम भेजी गई हैं। अगर और जवानों की जरूरत पड़े, तो हिचकना नहीं चाहिए, आज हिंसा को भड़कने से रोकने से ज्यादा जरूरी और कुछ नहीं है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उचित ही कहा है कि सरकार हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों से निजी संपत्तियों के नुकसान की भरपाई करेगी। उपद्रवियों की जेब से वाजिब भरपायी करवाना न्यायपूर्ण है और यह काम जितनी जल्दी हो, हिंसा पर काबू पाने में उतनी ही जल्दी सफलता मिलेगी। निजी संपत्ति के साथ-साथ सार्वजनिक संपत्ति के मामले में भी सरकार को समान नजरिया रखना चाहिए। संविधान प्रदर्शन करने या अपनी बात रखने का हक सबको देता है, पर उपद्रव का हक किसी को नहीं है।

# सुनवाई का स्वागत

देश की शीर्ष अदालत में मणिपुर की सुनवाई स्वागतयोग्य है। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा से निपटने के लिए एक व्यापक तंत्र विकसित करने का आह्वान किया। लगे हाथ अदालत ने यह भी पूछा कि मई से राज्य में ऐसी घटनाओं में कितनी एफआईआर दर्ज हुई है? अच्छी बात यह है कि केंद्र सरकार का रुख भी सकारात्मक है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि अगर शीर्ष अदालत मणिपुर हिंसा की जांच की निगरानी करती है, तो केंद्र सरकार को कोई आपत्ति नहीं है। निर्मम हिंसा और अपमान का शिकार हुई दो महिलाओं की ओर से दायर याचिका की सुनवाई से लोगों की उम्मीदें बढ़ी हैं। वैसे, अदालत ने 20 जुलाई को ही इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की था। उसने यह भी कहा था कि हिंसा को अंजाम देने के लिए महिलाओं को साधन के रूप में इस्तेमाल करना सांविधानिक लोकतंत्र में बिल्कुल नामंजूर है। वाकई, 4 मई को मणिपुर में जो घटा, उसके खिलाफ कानून-व्यवस्था को ऐसा कड़ा रुख अपनाना चाहिए कि मिसाल बन जाए। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के तेवर से साफ लगने लगा है कि देश में महिला सुरक्षा के मामले में फिर एक जरूरी पहल होने वाली है। यह एक ऐसा मामला है, जिसमें किसी भी प्रकार से अपराधियों को मदद नहीं मिलनी चाहिए। जो अक्षम्य घटा है, उसका कानून सम्मत पटाक्षेप जल्द होना चाहिए। हां, अगर इस मामले की सुनवाई मणिपुर में निष्पक्ष ढंग से नहीं हो सकती, तो किसी अन्य राज्य में सुनवाई कराने में हर्ज नहीं है और इसकी निगरानी स्वयं सर्वोच्च न्यायालय को करनी चाहिए। जांच कोई भी

# क्यों बन रहीं हैं हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने वाली फिल्में

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

नवजात शिशु के कान में पहला शब्द राम ही बोला जाता है और शवयात्रा में रामनाम सत्य है- कहकर ही मृतात्मा को अंतिम विदाई डी जाती है। उन्हीं राम और रामायण को लेकर एक बेसिर पैर की फिल्म आदिपुरुष बना दी जाती है और सहिष्णु हिन्दू चुपचाप बैठे रहते हैं। उस पर तगड़ा बवाल भी हुआ। सवाल ये है कि क्या सेंसर बोर्ड में खासमखास ओहदों पर बैठे ज्ञानियों ने आदिपुरुष को देखा नहीं था? उन्होंने उसे प्रदर्शन की इजाजत कैसे दे दी? इसके संवाद एक दम घटिया हैं। अब आमिर खान की फिल्म पीके को ही लें। इसमें भगवान शंकर के वेश में एक युवक को सड़कों पर बेताहशा दौड़ते हुए दिखाया गया था। क्या आमिर खान को यह दिखाना चाहिए था? अब लीना मनिमेकलाई की फिल्म 'काली' की बात कर लें। इसके पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते दिखाया गया है। क्या इससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंची? हिंदू धर्म और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करना एक तरह से फैशन होता जा रहा है। यह सिर्फ हिन्दू समाज की सहिष्णुता की वजह से हो रहा है।

आपको न जाने कितनी इस तरह की फिल्में मिल जाएंगी जिनमें हिंदू धर्म के देवी-देवताओं को अपमानित होते हुए या गलत तरीके से पेश किये जाते हुए दिखाया गया है। यह किनके इशारे पर हो रहा है। समझ नहीं आता कि अब हमारे यहां सार्थक फिल्में क्यों नहीं बनती? उसी तरह फिल्मकारों ने बच्चों की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ व सार्थक फिल्में बनाना क्यों छोड़ दिया? कुछ फिल्म वाले हिंदू धर्म और हिंदू धर्म के आराध्य देवी-देवताओं के साथ बार-बार खिलवाड़ करके पता नहीं क्या साबित करना चाहते हैं? राम भारत की आत्मा में है। भारत की राम के बिना कल्पना तक भी नहीं की जा सकती। नवजात शिशु के कान में पहला शब्द राम ही बोला जाता है और शवयात्रा में रामनाम सत्य है- कहकर ही मृतात्मा को अंतिम विदाई डी जाती है। उन्हीं राम और रामायण को लेकर एक बेसिर पैर की फिल्म आदिपुरुष बना दी जाती है और सहिष्णु हिन्दू चुपचाप बैठे रहते हैं। उस पर तगड़ा बवाल भी हुआ। सवाल ये है कि क्या सेंसर बोर्ड में खासमखास ओहदों पर बैठे ज्ञानियों ने आदिपुरुष को देखा नहीं था? उन्होंने उसे प्रदर्शन की इजाजत कैसे दे दी? इसके संवाद एक दम घटिया हैं। अब आमिर खान की फिल्म पीके को ही लें। इसमें भगवान शंकर के वेश में एक युवक को सड़कों पर बेताहशा दौड़ते हुए दिखाया गया था। क्या आमिर खान को यह दिखाना चाहिए था? अब लीना मनिमेकलाई की फिल्म 'काली' की बात कर लें। इसके पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते दिखाया गया है। क्या इससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंची? हिंदू धर्म और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करना एक तरह से फैशन होता जा रहा है। यह सिर्फ



हिन्दू समाज की सहिष्णुता की वजह से हो रहा है। जिस दिन हिन्दू भी ईशनिंदा के मसले पर गंभीर हो जायेगा, हिन्दुओं का मजाक उड़ाने वालों का क्या होगा, यह सोचने की बात है। जरा सोचिए कि जिस देश में 80 फीसद से अधिक हिंदू रहते हैं वहां पर ये गटर छाप फिल्में दिखाई जाती हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि कंट्रोवर्सी खड़ी करने के लिए जानबूझकर फिल्मों के कंटेंट को हिंदू विरोधी बनाया जाता है। कुछ साल पहले अहमदाबाद के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट यानी आईआईएम ने एक अध्ययन किया था। उन्होंने दावा किया था कि बॉलीवुड की फिल्में हिंदू धर्म के खिलाफ लोगों के दिमाग में धीमा जहर घोल रही हैं। फिल्मों के शैदाइयों को कई अन्य फिल्में भी याद आ जाएंगी जिनमें कला की स्वतंत्रता के नाम पर करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाती रही। मैं यहां सलमान खान की फिल्म टाइगर जिंदा है की खासतौर पर चर्चा करना जरूरी मानता हूं। इस फिल्म में पाकिस्तान की भारत विरोधी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलीजेंस (आईएसआई) को भारत की हमदर्द एजेंसी के रूप में पेश किया गया था। तो क्या कुख्यात आईएसआई का हृदय परिवर्तन हो गया? क्या वह भारत की दोस्त और शुभचिंतक बन गई है? टाइगर जिंदा है की कहानी का सार यह है इराक में भारत की नर्सें कट्टरवादी इस्लामिक संगठन आईएसआईएस के कब्जे में आ गई। उन्हें मुक्त करवाने के अभियान में भारत की सक्षम खुफिया एजेंसी रॉ का आईएसआई सहयोग करती है। इससे अधिक झूठ कुछ नहीं हो सकता। दिन को रात कहना कहां तक सही माना जाए? टाइगर जिंदा है को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। फिल्म हिट हुई थी। उसने तगड़ा बिजनेस भी किया था। सवाल वही है कि क्या आप क्रिएटिव फ्रीडम की आड़ में कुछ भी दर्शकों को पेश कर देंगे? क्या सेंसर बोर्ड सोया हुआ था, जिसने टाइगर जिंदा है को प्रदर्शन की अनुमति दे दी? कैसे इस फिल्म में आईएसआई को भारत के मित्र के रूप में दिखा दिया गया। आईएसआई का सारा इतिहास भारत में गड़बड़ और अस्थिरता फैलाने के उदाहरणों से अटा पड़ा है। पाकिस्तान को मालूम है कि वह सीधे युद्ध में भारत के सामने टिक नहीं सकता। कौन नहीं जानता कि मुंबई में 2008 में हुए खूनी आतंकवादी हमले और काबुल में भारतीय दूतावास को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट के पीछे आईएसआई का ही हाथ था। ये दावा बीबीसी ने भी दो हिस्सों में प्रसारित अपने एक कार्यक्रम में किया था। इसे 'सीक्रेट पाकिस्तान' नाम दिया गया था। पर हम उसे अपने यहां एक मानवीय एजेंसी के रूप में खड़ा कर रहे हैं। भारत में जाली करेंसी का धंधा करवाने की भी फिराक में हमेशा आईएसआई रहती है। नोटबंदी के कारण 500 और एक हजार के नोट बंद करने के ऐलान ने आईएसआई की नींद उड़ा दी थी। भारत में करोड़ों लोग मनोरंजन के लिए फिल्में देखते हैं। क्या उन्हें पीके, टाइगर जिंदा है, काली, आदिपुरुष जैसी फिल्में दिखाई जानी चाहिए? सेंसर बोर्ड को अधिक सजग होने की जरूरत है ताकि कोई कचरा फिल्म प्रदर्शित ना हो। फिल्में इस तरह की भी बने जो अंध विश्वास पर हल्ला बोलें और दर्शकों का स्वस्थ मनोरंजन करें। हमारी फिल्मों में फूहड़ता भरी होती है। उनमें से अधिकतर में कुछ संदेश नहीं होता। साफ है कि इस तरह की फिल्मों से कोई फायदा नहीं होने वाला। हमें श्याम बेनेगल जैसे दर्जनों फिल्मकार चाहिए जो सार्थक सिनेमा के प्रति प्रतिबद्ध हों। श्याम बेनेगल की आरम्भिक फिल्में 'अंकुर', 'निशांत' और 'मंथन' थीं। मनोरंजन और सामाजिक सरोकार के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश में बेनेगल ने अपनी बाद की फिल्मों 'कलयुग' , 'जुनून' , 'त्रिकाल' और 'मंडी' से ग्रामीण पृष्ठभूमि को छोड़ कर नाटकीय और शहरी विषय-वस्तुओं पर फिल्में बनानी शुरू कीं। श्याम बेनेगल जैसे कई और भी हमारे यहां फिल्मकार हैं। पर उनकी संख्या बहुत कम है। बुजुर्ग हो रहे हिन्दुस्तानियों को आज भी बूट पॉलिश, अब दिल्ली दूर नहीं और जागृति जैसी महान बाल फिल्में याद होंगी। ये सब कालजयी फिल्में थीं। पर अब कहां बनती है इस तरह की अमर फिल्में। मैंने बूट पालिश पटना में देखी थी। मुझे इतने बरस गुजर जाने के बाद भी बूट पालिश की कथा और किरदार याद हैं। बूट पालिश को राज कपूर ने बनाया था। संयोग देखिए कि उन्होंने ही जागृति और अब दिल्ली दूर नहीं बनाई। 1957 में अब दिल्ली दूर नहीं फिल्म रिलीज हुई थी। उसकी कहानी लिखी थी मशहूर साहित्यकार राजेन्द्र सिंह बेदी ने। उसमें बाल कलाकार की भूमिका में अमजद खान भी थे। वे आगे चलकर गब्बर सिंह के किरदार में बहुत मकबूल हुए। यकीन मानिए कि कभी-कभी मन बहुत उदास हो जाता है कि हमारे यहां अब स्वस्थ और श्रेष्ठ फिल्में बननी लगभग बंद हो गई हैं।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# मध्य प्रदेश: संस्कार, संस्कृति, साहित्य में उन्मेष और उत्कर्ष

भारत अपने गौरवशाली "स्व" को जानने के नए संदर्भों में 75 वर्ष का उत्सव मना रहा है। हिमालयी क्षेत्र से आरंभ हुआ "उन्मेष" देश के हृदय प्रदेश आ पहुंचा है। 'उन्मेष' का यह दूसरा संस्करण है। पहला आयोजन शिमला में गत वर्ष हुआ ही है। आप पूछ सकते हैं आखिर ये उन्मेष है क्या? वस्तुतः धरती पर सूर्य की पहली किरण पड़ते ही जगत जाग उठता है। जागना अर्थात अंतस की जागृति, क्रिया के रूप में जागना और विचारों में जाग जाना है। आप जब जागे रहते हैं तो आपके बाहर से लेकर अंदर तक सभी कुछ सचेत होता है। आप हर क्रिया की प्रतिक्रिया देने में सक्षम रहते हैं। इसी जागने को संस्कृत में 'उन्मेष' कहा गया। जीवन में 'उन्मेष' आ जाए तो फिर किसी और की आवश्यकता नहीं रहती । यह 'उन्मेष' जीवन से जुड़ी हर जरूरत को पूरा करने में सक्षम है। जैसे कि जो जागा हुआ है, फिर उसे किस का भय ! स्वभाविक है जो जागा हुआ है, 'उत्कर्ष' भी उसी का होगा। समृद्ध, प्रशंसा, श्रेष्ठता, उत्तमता, अधिकता, उन्नति, उच्च गुणवत्ता जोकि उत्कर्ष शब्द के ही पर्यायवाची हैं का भोक्ता भी वही बनेगा। संयोग देखिए; एक ओर भारत का सबसे समावेशी और भाषाओं की संख्या के प्रतिनिधित्व के संदर्भ में एशिया का सबसे बड़ा साहित्य आयोजन यह है, तो दूसरी तरफ 'उन्मेष' अपने साथ 'उत्कर्ष' को जोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा कला-संस्कृति का उत्सव यह बन गया है। वैसे भी 'उन्मेष' के बिना 'उत्कर्ष' संभव नहीं है। हमारे यहां कहा भी गया है; उठ जाग मुसाफिर भोर भई, अब रैन कहाँ जो सोवत है। जो सोवत है सो खोवत है, जो जागत है सोई पावत है। सभ्यताओं में संस्कृति और संस्कार का भोर भी कुछ ऐसा ही है। आपको नित्यप्रति जागना है, जो इसके प्रति आग्रही नहीं, दुनिया में विलुप्त हो चुकीं अब तक की अनेक सभ्यताओं की तरह वह भी देर सवेर समाप्त हो जाएंगे । रह जाता है तो सिर्फ किताब का एक पन्ना; बहुत हुआ तो दो-चार पन्ने तक सिमटा इतिहास। यदि इतिहास को पुनः जागृत करना पड़ जाए तो परम्पराओं की लकड़ी चाहिए, ऊष्मा का कठोर श्रम और न पीछे हटने वाला साहस चाहिए, तब कहीं जाकर इतिहास अपने आप को पुनः दोहराता है। इतिहास से याद आया, भारत की पिचहत्तर वर्ष पहले की यात्रा सांस्कृतिक यात्रा तो थी, किंतु राजनीति के स्तर पर भारत कई भागों में बंटा हुआ था। अलग-अलग राज्य और अलग-अलग संहिताएं। मुद्राएं भी अलग, कर की प्रणाली भी अलग, यदि कुछ अलग नहीं तो वह था वृहद भारत की सांस्कृतिक अवधारणा। जिसमें हिमालय के धवल शिखर से लेकर सुदूर हिंद महासागर (इंदू सरोवर) तक एक भारत, जम्मूद्वीप, आर्यवर्त, अजनाभवर्ष, हिन्द, हिन्दुस्थान कई नामों से ख्यात एक अखण्ड भारत । जिसका संकल्प त्रिकाल संध्या-वंदन में और हर उस नई शुरूआत में जो प्रत्येक भारतवासी के जीवन से जुड़ी है। भारतवासी संकल्प लेता है, जिसके बोल ही विष्णु र्विष्णु र्विष्णुः तीन बार विश्व के प्रत्येक अणु-परमाणु तत्व विष्णु को साक्षी मानकर शुरू होते हैं और काल की गणना में कल्प, मन्वन्तर, युग की गणना करते हुए साक्षी भाव से भूलोर्के जम्बू द्वीपे भरत खण्डे भारत वर्षे आर्या वर्तान्तर्गत ब्रह्मा वर्तस्य भारत क्षेत्रे भारत देशे कहते हुए यह संकल्प आगे बढ़ता है । तो यह हुआ संस्कृतिक भारत का दृष्य । जिसमें कभी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, म्यान्मार, बांग्लादेश, श्रीलंका, थाईलैण्ड, कंबोडिया, मलेशिया, इंडोनेशिया और ईरान तक समाए हुए थे। किंतु काल प्रवाह में सांस्कृतिक भारत का जो दृष्य कल था, वह आज का नहीं है। इस सांस्कृतिक भारत से राजनीतिक तौर पर 12 भाग टूटकर अलग हो चुके हैं। शेष भारत की विवधता में सम्वेत स्वर 15 अगस्त 1947 के प्रथम ऊषाकाल में हमने सुने और अनुभव किए । यहीं से एक नए भारत की यात्रा राजनीतिक और सांस्कृतिक तौर से आरंभ होती है । यह संस्कृति संस्कार जन्य है। क्योंकि संस्कृति संस्कारों को जन्म देती है और ये संस्कार लोक के हैं, ग्राम्य जीवन के हैं, नगर के हैं, समूह, समाज, परिवार यहां तक कि व्यक्ति के अपने हैं। इन संस्कारों से ही विविध कलाओं का प्रादूर्भाव होता है। सबका हित करने वाला साहित्य इसी संस्कार से निकलता है और इसीलिए यह साहित्य शब्द उतना प्राचीन है जितना कि मनुष्य जीवन। साहित्य स्वरूप को स्वतंत्र रूप से विश्लेषित करने का प्रथम प्रयास 'अग्निपुरान' में देखा जा सकता है। जिसके रचयिता वेदव्यास हैं। यद्यपि साहित्य स्वरूप विश्लेषण का प्रारंभ संस्कृत साहित्य में आचार्य भरतमुनि के 'नाट्यशास्त्र' से माना जाता है। इस तरह से अनेक रूपों में शुरू हुई साहित्य, संस्कार और संस्कृति की यात्रा हमें देखने को मिलती है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल मानते हैं कि जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञान दशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की मुक्तावस्था रस दशा कहलाती है। हृदय की मुक्ति की साधना के लिए मनुष्य की वाणी जो शब्द विधान करती आई है, उसे कविता कहते है। कविता जीवन और जगत की अभिव्यक्ति है। जयशंकर प्रसाद का मानना भी यही है। काव्य आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति है, जिसका संबंध विश्लेषण, विकल्प या विज्ञान से नहीं होता। वह एक रचनात्मक ज्ञानधारा है। वस्तुतः जिस समाज और देश में ज्ञान की यह धारा जितनी तेज गति से प्रवाहित होती है, उस को उत्तरोत्तर प्रगति से कोई रोक नहीं पाता है। आदि-अनादि देश भारत जोकि मानव इतिहास में दुनिया का सबसे पहला जागृत समाज भी है, यह चमत्कार सदियों से अनेकों बार करता आया है। ज्ञान की धारा यहां सतत प्रवाहित है, इसलिए यह यहां की सभ्यता और संस्कृति से जुड़े संस्कार को आगे बढ़ा देती है। भारत की यह विशेषता ही है जो विविध पंथ मत दर्शन में भेद नहीं वैशिष्ट्य का दिग्दर्शन होता है। संपूर्ण भारत में एक अभेद्य अखण्ड संस्कृती की बहती अमृत धारा की परंपरा को आप अनुभव करते हैं।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



पहले के जमाने में फ्रॉड करने वाली कंपनियां लोगों को लूटने के लिए समय-समय पर अपना नाम बदलती रहती थीं। आज कांग्रेस और उसके साथियों का नया गठबंधन उन्हीं कंपनियों की नकल कर रहा है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



अज्ञानता में, हम अक्सर स्वयं में छिपे सद्गुणों को पहचान नहीं पाते हैं। ब्रह्माकुमारीज संगठन का मानवता को जागरूक बनाने और उसे सकारात्मक दिशा में आगे ले जाने का प्रयास बहुत सराहनीय है। ब्रह्माकुमारीज के सभी दिव्य भाई-बहन मानवता में अच्छाई की खोज के लिए प्रयास कर रहे हैं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



जिनका मन काला है। जो भारत को घने काले अंधियारे की ओर ले जाना चाहते हैं। जो भारत के भविष्य पर काला धब्बा लगाना चाहते हैं। जो भारत की युवा शक्ति को काला दिन दिखाना चाहते हैं जो दुनिया में भारत की काली तस्वीर प्रस्तुत करना चाहते हैं वे आज फिर लोकतंत्र के मंदिर में ३काला कपड़ा३ पहन पहुंचे। वास्तव में ये देश के लिए अपशकुन ही तो हैं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# दुस्साहस की पराकाष्ठा, शासन को चुनौती

यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पुलिस और प्रशासन इस यात्रा की सुरक्षा के लिए अपेक्षित चौकसी नहीं बरत सका। खुफिया एजेंसियों की चूक भी नजर आ रही है। उसे इसका आभास होना चाहिए था कि इस यात्रा को निशाना बनाया जा सकता है क्योंकि ऐसी अफवाह थी कि संदिग्ध गो तस्करों की हत्या में आरोपित एक फरार शख्स भी इस यात्रा में शामिल हो सकता है। हिंसक भीड़ कितनी दुस्साहसी थी, इसका पता इससे चलता है कि पुलिस को भी निशाना बनाया। हरियाणा के नूंह में हिंदू संगठनों की ओर से प्रति वर्ष निकाली जाने वाली जलाभिषेक यात्रा में मुस्लिम समुदाय की उपद्रवी भीड़ ने जैसा भीषण हमला किया और गोलीबारी के साथ बड़े पैमाने पर आगजनी एवं लूटपाट की, वह दुस्साहस की पराकाष्ठा है। जिस तरीके से इस यात्रा पर हमला किया गया, उससे यह साफ है कि ऐसा सुनियोजित साजिश और पूरी तैयारी के साथ किया गया। स्थिति कितनी भयावह हो गई थी, यह इससे समझा जा सकता है कि सैकड़ों श्रद्धालु एक मंदिर परिसर में घंटों फंसे रहे। इनमें महिलाएं और बच्चे भी थे। उन्हें निकालने और बचाने के लिए सुरक्षा बलों की तीन कंपनियों को एयरड्राप करना पड़ा। स्पष्ट है कि हिंसक भीड़ ने इस इलाके को एक तरह से युद्ध क्षेत्र में तब्दील कर दिया था। हिंसक भीड़ कितनी दुस्साहसी थी, इसका पता इससे चलता है कि पुलिस को भी निशाना बनाया। इसके चलते होमगार्ड के दो जवानों सहित कुछ लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। कई पुलिस अधिकारी एवं सिपाही घायल भी हो गए। इनमें कुछ की हालत गंभीर है। अराजक तत्वों ने एक थाने को भी निशाना बनाया और उसके अंदर-बाहर खड़े दर्जनों वाहन जला दिए। चूंकि हिंसा की व्यापक तैयारी की गई थी, इसलिए जल्द ही अन्य इलाकों में भी उपद्रव शुरू कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि जहां नूंह में कर्फ्यू लगाना पड़ा, वहीं अन्य क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती बढ़ानी पड़ी। इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि यात्रा तय मार्ग से निकल रही थी और प्रशासन से उसकी अनुमति भी ली गई थी। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पुलिस और प्रशासन इस यात्रा की सुरक्षा के लिए अपेक्षित चौकसी नहीं बरत सका। खुफिया एजेंसियों की चूक भी नजर आ रही है। उसे इसका आभास होना चाहिए था कि इस यात्रा को निशाना बनाया जा सकता है, क्योंकि ऐसी अफवाह थी कि संदिग्ध गो तस्करों की हत्या में आरोपित एक फरार शख्स भी इस यात्रा में शामिल हो सकता है। उसके शामिल न होने के बाद भी इस यात्रा पर जिस तरह भीषण हमला किया गया, उससे यही पता चलता है कि उपद्रवी तत्व उत्पात मचाने के लिए किसी बहाने की तलाश में थे। हिंदुओं की जलाभिषेक यात्रा पर हमले की इस भयावह घटना ने उन घटनाओं की याद दिला दी, जिनमें पिछले कुछ समय में देश के अनेक हिस्सों और यहां तक कि देश की राजधानी में ऐसी ही यात्राओं को निशाना बनाया गया था। यदि इन घटनाओं में शामिल तत्वों को समय रहते सही सबक सिखाया गया होता तो शायद नूंह में जो कुछ हुआ, उससे बचा जा सकता था। यह शुभ संकेत नहीं कि अब कोई भी पर्व और त्योहार ऐसे नहीं, जिनमें किसी न किसी बहाने हिंसा न होती हो। हिंसा का यह सिलसिला कानून के शासन को चुनौती तो है ही, देश में सद्भाव के वातावरण को प्रभावित करने वाला भी है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 का विरोध शुरू हो चुका है। छात्र संगठनों के अलावा राज्य की विपक्षी पार्टियां भी इस विधेयक के विरोध में खड़ी हो गई हैं। विधेयक को छात्र विरोधी बतानेवाले छात्र संगठनों का कहना है कि छात्र कदाचार मुक्त परीक्षा तो चाहते हैं लेकिन ये नहीं चाहते कि जब प्रतियोगी परीक्षा में गड़बड़ी हो तो इस कानून के डर से वो आवाज भी न उठा सकें। इस विधेयक के माध्यम से सरकार छात्रों की आवाज को लाठी डंडे के बल पर दबाना चाहती है। इस कानून से सरकार छात्र से विरोध करने के हक को छीन रही है। पहले भी राज्य में कई प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज उठाई गई है। उन परीक्षाओं के परीक्षाफल या नोटिफिकेशन में सुधार, बदलाव यहां तक कि परीक्षा रद भी हुए हैं लेकिन इस विधेयक के लागू होने से अब कोई छात्र किसी भी तरह का विरोध नहीं कर पाएगा। अगर यह कानून कुछ महीने पहले लागू हो जाता तो न जाने कितने छात्र आज जेल में होते। इतना ही नहीं, अब कोई भी युवा प्रतियोगी परीक्षा में हुई गड़बड़ी के खिलाफ जेल जाने के डर से इंटरनेट मीडिया में भी कुछ नहीं लिख पाएगा। जिस भी विद्यार्थी पर केस दर्ज होगा वो दो साल से पांच साल तक परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएगा और सजा होने पर दस साल तक परीक्षा से दूर कर दिया जाएगा। इस कानून के आने के बाद छात्र को जेल जाने के साथ साथ आर्थिक दंड का भी सामना करना पड़ेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि कोई भी परीक्षा कदाचारमुक्त होनी चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि युवाओं का भविष्य खराब नहीं हो। नियम और उसके अनुपालन की प्रक्रिया को फूलप्रूफ बनाना होगा।

**चंदन बैठा, कांग्रेसी नेता, कांके विधानसभा**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# विराट कोहली की कलाई पर दिखी बेशकीमति घड़ी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कहोली इन दिनों एक घड़ी के कारण चर्चाओं में हैं। दरअसल, वेस्टइंडीज दौरे पर कोहली की कलाई पर एक घड़ी जो की बेशकीमती है। बता दें कि, कोहली की इस घड़ी की कीमत एक या दो लाख नहीं बल्कि 85 लाख रुपये है। तीसरे वनडे मैच के बाद वे शुबमन गिल के साथ बात करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने जो घड़ी पहनी रखी थी, उस पर हर किसी की निगाह गई और फिर क्या था सोशल मीडिया ये तस्वीर तेजी से वायरल होने लगी।

विराट कोहली की ये घड़ी Patek Philippe Aquanaut की है। इस कंपनी की घड़ियां इससे भी महंगी होती है। लेकिन जो घड़ी कोहली की कलाई पर है, उसकी कीमत करीब 85 लाख है। हालांकि, इतनी महंगी या फिर इससे भी महंगी घड़ी पहनना कोहली के लिए बड़ी बात नहीं होगी क्योंकि वे एक-एक ब्रांड एंडोर्समेंट के लिए करोड़ रुपये चार्ज करते हैं।

## कोहली के पास लग्जरी घड़ियों का कलेक्शन

इस घड़ी के अलावा कोहली के पास कई घड़ियों का कलेक्शन हैं। जिनमें 35 लाख रुपये की Role& Sky Dweller 18k Rose Gold भी शामिल है। इसके अलावा उनके पास Audemars Piguet Royal Oak ?? Rolex DayDate 49 18kभी है। जिनकी कीमत 17 लाख और 27 लाख रुपए है। वहीं उनकी सबसे महंगी घड़ी की बात करें तो अब तक 4.6 करोड़ रुपये की Role& Daytona 116595RBOW है।

बता दें कि, पूर्व भारतीय कप्तान दो टेस्ट मैच खेले थे लेकिन सके बाद उन्हें वनडे सीरीज में मौका नहीं मिला। पहले मैच में वे प्लेइंग इलेवन में जरूर नजर आए, लेकिन बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिल पाया। जबकि उन्हें अगले मैच की प्लेइंग इलेवन में स्थान नहीं मिला।



# ऑस्ट्रेलियन ओपन : सिंधु, श्रीकांत सहित तीन भारतीय खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे






**सिडनी (एजेंसी)।** भारत की महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। सिंधु के अलावा विश्व के पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और युवा खिलाड़ी प्रियांशु राजावत भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है। वहीं मिथुन मंजुनाथ को दूसरे दौर में ही हार का सामना करना पड़ा है।

सिंधु ने महिला एकल में हमवतन आकर्षी कश्यप को आधे घंटे के अंदर ही 21-14, 21-10 से हराया। वहीं श्रीकांत ने पुरुष एकल में चीनी ताइपे के सु ली यांग को सीधे गेम में 21-10, 21-17 से हराया। प्रियांशु ने चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई को एक घंट तक चले मुकाबले में तीन कठिन गेमों में 21-8, 13-21, 21-19 से पराजित किया। एक अन्य मुकाबले में मिथुन मंजुनाथ को मलेशिया के अनुभवी ली ज़ी जिया के हाथों तीन गेम में 21-13, 12-21, 21-19 से पराजय का सामना करना पड़ा। सिंधु का सामना अब मलेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा। हुआंग ने एक अन्य मुकाबले में यू-हसुन को 19-21, 21-10, 21-12 से हराया था। श्रीकांत का समाना क्वार्टर फाइनल में अपने ही देश के प्रियांशु से होगा।

# एशिया कप में नहीं खेल पायेंगे केएल राहुल, अय्यर का विश्व कप में खेलना मुश्किल





**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल के श्रीलंका में होने वाले एशिया कप में नहीं खेलने की पूरी संभावना है क्योंकि उन्हें अपनी हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने में और अधिक समय लगेगा। जहां तक विश्व कप में भागीदारी का सवाल है तो यह एक और स्टार श्रेयस अय्यर के लिए खेलना मुश्किल हो सकता है जो चिंता का विषय है। राहुल ने जांघ की सर्जरी कराई थी जबकि अय्यर ने स्ट्रेस फैक्चर को ठीक करने के लिए अपनी पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी कराई थी।

बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के अंतिम अपडेट में दोनों की वापसी का जिक्र नहीं किया गया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, ''ऐसी संभावना नहीं है कि राहुल और श्रेयस दोनों 50 ओवर के क्रिकेट के लिए मैच फिट होंगे और वो भी श्रीलंका की उमस भरे हालात में।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन बीसीसीआई की चिकित्सीय टीम को लगता है कि राहुल कम से कम विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला से पहले फिट हो सकते हैं।

# हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान, वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी के सामने रखेगा ये मांग

**(एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप 2023 खेलने के लिए भारत आएगी या नहीं, ये अभी भी पूरी तरह से साफ नहीं हुआ है। दरअसल, पीसीबी आईसीसी से लिखित आश्वासन मांगेगी कि भारत में उसको पूरी सुरक्षा मिलेगी।

पहले एशिया कप और फिर अब वर्ल्ड कप, पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वो वर्ल्ड कप को लेकर कुछ ना कुछ आए दिन ऐसा कर रहा है जिससे वो दिखा सके कि भारत में वो असुरक्षित हैं। इसका कारण ये भी है कि एशिया कप के लिए पाकिस्तान जाने से बीसीसीआई ने साफ इनकार कर दिया था। एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान के पास थी लेकिन अब टूर्नामेंट के सिर्फ 4 मैच पाकिस्तान में होंगे। भारत के सभी मैच समेत सेमीफाइनल और फाइनल श्रीलंका में आयोजित किए जाएंगे। पीसीबी इससे भी नाराज है।



बता दें कि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने फैसला किया है कि वो आईसीसी से भारत में सुरक्षा को लेकर लिखित आश्वासन मांगेगा। पाकिस्तान इसलिए भी खिसियया हुआ है क्योंकि, भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर रहा है। पाकिस्तान ने पहले वर्ल्ड कप का बहिष्कार करने की धमकी भी दी थी। हालांकि, इससे भारत या किसी और अन्य टीम को नुकसान नहीं होगा बल्कि उल्टा पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# चार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों ने विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

नयी दिल्ली। भारत के चार पुरुष भाला फेंक खिलाड़ियों ने इस महीने के अंत में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो देश के एथलेटिक्स में बहुत कम देखने को मिला है लेकिन एक खिलाड़ी चोटिल है। ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने पहले ही 19 से 27 अगस्त तक होने वाली चैम्पियनशिप के लिए डायमंड लीग चैम्पियन होने के नाते वाइल्डकार्ड से क्वालीफाई कर लिया है। किशोर जेना ने भी विश्व रैंकिंग कोटा हासिल कर लिया है। रोहित यादव और डीपी मनु ने भी विश्व चैम्पियनशिप में 36 भाला फेंक एथलीट की सूची में जगह बनायी। लेकिन रोहित की हाल में उनकी 'थ्रोइंग' बांह में सर्जरी हुई है और वह विश्व चैम्पियनशिप में नहीं खेल पायेंगे। एक देश प्रत्येक स्पर्धा में तीन एथलीट उतार सकता है लेकिन इनकी संख्या में इजाफा हो सकता है बशर्ते कोई वाइल्ड कार्ड के जरिये जगह बना ले।



# मिस्बाह-उल-हक को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, इंजमाम-उल-हक और मोहम्मद हफीज का भी मिलेगा साथ

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मिस्बाह-उल-हक को अपनी 卐हाई-प्रोफाइल卐 क्रिकेट तकनीकी समिति का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया है और उनकी भूमिका क्रिकेट मामलों पर पीसीबी अध्यक्ष को सलाह देने की होगी। समिति में इंजमाम-उल-हक और मोहम्मद हफीज के रूप में पाकिस्तान के दो अन्य कप्तान होंगे। समिति के निर्माण की घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी जब पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ ने बताया था कि समिति की अध्यक्षता मिस्बाह करेंगे और उन्हें रिपोर्ट करेंगे। समिति में तीन पूर्व कप्तानों के अलावा क्रिकेट प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और पीसीबी के घरेलू क्रिकेट विभाग के प्रमुख का एक प्रतिनिधि भी शामिल होगा।



# भारतीय गेंदबाज की पिटाई का सपना भूल जाए इंग्लैंड : हरभजन

मुम्बई। दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों की पिटाई का सपना इंग्लैंड के क्रिकेटरों को भूल जाना पड़ेगा। हरभजन ने ये बात इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की प्रतिक्रिया पर दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि गया कि टीम की बाजबॉल (आक्रामक) रणनीति कितना काम करती है ये समय ही बताएगा। इसी को लेकर हरभजन ने कहा कि ऐसी कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलिया की तरह मार-मारकर भूत बनने का ख्याल अंग्रेजों को छोड़ देना चाहिए। स्टोक्स ने कहा कि जब हमने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया, तो कहा गया कि हम दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐसा नहीं कर सकते हैं या नहीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज 2-2 से बराबर रही, जबकि अन्य सीरीजों में इंग्लैंड हावी रही। स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड ने अब तक 18 में से 14 टेस्ट जीते हैं। यह एक शानदार रिकॉर्ड है और दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण भी इंग्लैंड के बल्लेबाजों के रनों को नहीं रोक पाए हैं। बाजबॉल की रणनीति के साथ इंग्लैंड ने अभी तक शानदार स्पिन का सामना नहीं किया है, जिसकी वजह से उनकी अभी असल परीक्षा होनी बाकी है। जब वे भारत दौरे पर आएंगे तो टर्निंग विकेट पर स्पिन विशेषज्ञ गेंदबाजों का सामना करना होगा। भारत में अगले साल की शुरुआत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दौरान ऐसी पिचें तैयार की जाएंगी जो पहले दिन के पहले सत्र से टर्न लेंगी। आर अश्विन, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के स्पिन आक्रमण के सामने अंग्रेज बल्लेबाजों की असली परीक्षा होगी।



# ब्रॉड ने सही समय पर खेल को अलविदा कहा: हुसैन

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने तेज गेंदबाज स्टूअर्ट ब्रॉड की जमकर प्रशंसा की है। हुसैन ने कहा कि जिस प्रकार इस क्रिकेटर ने शीर्ष पर रहते हुए संन्यास का फैसला किया है वह प्रशंसा की बात है। ब्रॉड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम एशेज टेस्ट के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। टेस्ट प्रारूप में तेज गेंदबाज के रूप में 604 विकेट लेने के बाद से ही ब्रॉड को आधुनिक टेस्ट क्रिकेट का सबसे महान गेंदबाज भी माना जाता है। यहां तक ??कि अपनी अंतितम सीरीज में भी उन्होंने 22 विकेट लिए, जो इस साल की एशेज में इंग्लैंड के किसी भी गेंदबाज के लिए सबसे ज्यादा है। अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करते समय, ब्रॉड ने कहा कि वह खेलना जारी रख सकते थे पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। हुसैन ने इस फैसले की सराहना की जबकि वह अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर थे।

मुझे लगता है कि सेवानिवृत्ति ऐसी ही होनी चाहिये कि जब लोग पूछें, थोड़ा और क्यों नहीं? आप तब रिटायर होते हैं जब लोग कहने लगते हैं, आप रिटायर क्यों हो रहे हैं? बजाय इसके कि क्यों नहीं? जब लोग यह कहना शुरू कर देते हैं कि आपको संन्यास ले लेना चाहिए, तो आप शायद कुछ ज्यादा ही आगे बढ़ गए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उन्होंने इसके लिए बिल्कुल सही समय तय किया है। अंतिम दिन आखिरी एशेज टेस्ट के निर्णायक क्षणों में ब्रॉड ने वैसा ही प्रदर्शन किया जैसा उन्होंने अपने 17 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में हमेशा ही किया है। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने अंतिम दो विकेट लेकर इंग्लैंड के लिए एक यादगार मैच जीता और उन्हें श्रृंखला 2-2 से ड्रा कराने में मदद की। हुसैन ने ब्रॉड के करियर के आखिरी कुछ पलों को याद किया।



# एशेज के बाद पारंपरिक ड्रिंक्स लेने से ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मना किया

**लंदन।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने एशेज सीरीज के बाद मेजबान टीम इंग्लैंड के खिलाड़ियों के साथ पारंपरिक ड्रिंक्स का प्रस्ताव ठुकरा दिया। इससे पता चलता है कि दोनो ही टीम के रिश्तों में अभी कडुवाहट कम नहीं हुई है। एशेज में परंपरा है कि सीरीज समाप्त होने के बाद दोनो ही टीमें एक साथ ड्रिंक्स का सेवन करती हैं। सीरीज के दौरान कई बार दोनो कही टीमो के खिलाड़ियों के बीच विवाद उठा उसे भी इस प्रस्ताव को खारिज करने का एक कारण माना जा रहा है। गौरतलब है कि साल 2005 से पहले एशेज सीरीज समाप्त होने पर दोनों टीमें एकसाथ बैठकर बीयर पीती थीं पर

साल 2005 में ऑस्ट्रेलिया कप्तान रिकी पोंटिंग ने इसे बंद कर दिया था। इसे इसलिए शुरु किया गया था ताकि खिलाड़ी अपनी प्रतिद्वंद्वता भूल सकें। वहीं इस सीरीज के दौरान एक बार बार फिर जब इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को एकसाथ ड्रिंक्स लेने का प्रस्ताव दिया तो ऑस्ट्रेलियाई प्रबंधन ने इसे ठुकरा दिया। मेजबान टीम के कोच ब्रैंडन मैकुलम ने भी हाल में अपने एक बयान में जॉनी बेयरस्टो की स्टंपिंग के फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि वे ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ बीयर नहीं पीयेंगे। मैकुलम ने कहा था कि इतना सब होने के बाद मैं कल्पना नहीं कर सकता कि हम जल्द ही उनके साथ बीयर पीएंगे।

हालांकि अंतिम टेस्ट के बाद दोनों ही टीमों के खिलाड़ी मीडिया प्रतिबद्धताओं के बाद एक हॉल में एकत्र हुए थे। इसमें दोनों टीमों के परिवार के लोग और दोस्त शामिल थे और इन्होंने पुराने यादों को ताजा किया। यह सिलसिला काफी लंबे समय तक चला। इसी बीच इंग्लैंड क्रिकेट प्रबंधन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को ड्रिंक्स के लिए आमंत्रित करने गई तो वह वहां से चले गए। मेजबान टीम के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह बहुत शर्म की बात है कि ड्रिंक्स साझा करने से इंकार किया गया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त खिलाड़ियों को भी शामिल होना था। ऑस्ट्रेलियाई टीम 2001 के बाद से इंग्लैंड में एशेज श्रृंखला नहीं जीत पाई है पर एशेज ट्रॉफी अभी भी उनके पास ही है।

उल्लेखनीय है कि साल 2015 में भी इंग्लैंड ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ये प्रस्ताव ठुकरा दिया था। तब मेजबान टीम के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया ने कार्डिफ टेस्ट में मिली हार के बाद हमार साथ बैठकर बीयर पीने का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। उन्होंने कहा कि मैच अच्छे माहौल में खेला गया था, इसी कारण कप्तान एलिस्टेयर कुक ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को मैच के बाद पूरी टीम के साथ बीयर पीने का आमंत्रण दिया था।

# लीग्स कप : इंटर मियामी के लिये लगातार दूसरे मैच में मेस्सी के दो गोल



फोर्ट लॉडरडेल। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने इंटर मियामी के लिये लगातार दूसरे मैच में दो गोल किये हालांकि ओरलैंडो सिटी के खिलाफ लीग्स कप के मैच में आंधी तूफान ने खलल डाला। मेस्सी ने सातवें और 72वें मिनट में गोल किये। खराब मौसम के कारण मैच 95 मिनट विलंब से शुरू हुआ। मियामी ने 3 . 1 की बढत बना ली थी। मेस्सी ने एमएलसी क्लब से जुड़ने के बाद क्रूज एजुल के खिलाफ एक और अटलांटा युनाइटेड के खिलाफ दो गोल दागे हैं।

# आईसीसी पर भड़के ख्वाजा , बारिश के कारण खेल ही नहीं हुआ तो जुर्माना कैसा

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के धीमी ओवर गति के लिए लिए लगाये जुर्माने पर नाराजगी व्यक्त की है। ख्वाजा ने कहा है कि जब मैनचेस्टर टेस्ट में गेंदबाजी ही नहीं हुई तो जुर्माना कैसे लगाया गया। ख्वाजा ने अपने ट्विट में लिखा कि ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के सामने गेंदबाजी करने का अवसर ही नहीं मिला और उसने उन्हें लक्ष्य का पीछा करने का मौका भी नहीं दिया क्योंकि अंतिम दो दिनों में बारिश के कारण खेल ही नहीं हो पाया था। मैनचेस्टर में चौथे दिन चाय और अंतिम सत्र बारिश के कारण नहीं हो पाया, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया 61 रन से पीछे था और इंग्लैंड को सीरीज में बाराबरी के लिए पांच विकेट की ही जरूरत थी। इंग्लैंड ने अंतिम टेस्ट जीतकर श्रृंखला को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। ख्वाजा ने कहा, 2 दिनों की बारिश के कारण मैनचेस्टर में दूसरी पारी में गेंदबाजी करने का मौका भी नहीं मिला। वहीं जुर्माना और धीमी ओवर गति के लिए हमसे 10 डब्ल्यूटीसी अंक ले लिए। यह बहुत मायने रखता है। जो कुछ हो रहा था उससे बहुत निराश था, मैंने बस सोचा कि किसी को तो इसके बारे में आईसीसी से बात करने का तरीका ढूंढना होगा। हमने तीन गेम खेले थे और वे तीन गेम वास्तव में अच्छे परिणाम वाले थे। इसके बाद भी हम पर जुर्माना गया।

# भारतीय क्रिकेटर ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को कहा अलविदा, धोनी के साथ खेल चुका है दिग्गज


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम और पश्चिम बंगाल सरकार में खेलमंत्री मनोज तिवारी ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। वो पिछले सीजन में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए खेले थे। बता दें कि, पिछले साल बंगाल रणजी ट्रॉफी का उपविजेता भी रहा था। मनोज ने अपने रिटायमेंट का ऐलान सोशल मीडिया पर पोस्ट कर किया।

दाएं हाथ के बल्लेबाज रहे मनोज तिवारी लेग ब्रेक गेंदबाजी भी करते थे। घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले इस खिलाड़ी ने एमएस धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम के लिए भी खेला था। जबकि आईपीएल में वो राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स में भी खेले थे।

## मनोज तिवारी का वनडे और टी20 करियर

वहीं आईपीएल में वो दिल्ली डेयरडेविल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स इलेवन पंजाब जैसी कई और टीमों का हिस्सा भी रहे। इसके अलावा मनोज ने 12 वनडे और तीन टी20 मुकाबले भी खेले। वनडे में उन्होंने 287 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक भी शामिल है। हालांकि, टी20 में उन्होंने महज 15 रन बनाए हैं।

बंगाल के खेलमंत्री मनोज ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर अपने रिटायमेंट का ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने लिखा, क्रिकेट को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। मेरा मतलब है कि हर चीज जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। मैं इस खेल और भगवान का हमेशा आभारी रहूंगा, जो हमेशा मेरे पक्ष में रहे। इस मौके पर मैं उन सभी लोगों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं जिन्होंने मेरी क्रिकेट की जर्नी में भूमिका निभाई है। मेरे बचपन से लेकर पिछले साल तक मेरे सभी कोचों को धन्यवाद।



# विश्वकप के लिए युवा बल्लेबाजों को पारी को गति देना सीखना होगा

मुंबई। पूर्व स्पिनर प्रज्ञान ओझा ने कहा है आगामी एकदिवसीय विश्वकप के लिए युवा खिलाड़ियों को एक विशेष सलाह दी है। प्रज्ञान ने कहा कि इस टीम के युवा बल्लेबाजों को विश्वकप से पहले हालातों के अनुसार अपनी पारी को तेजी देना सीखना होगा। हाल में वेस्टइंडीज दौरे पर भारतीय टीम को जीत जरुर मिली थी पर उसके बल्लेबाज असफल रहे थे। यहां तक कि 114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में ही आधी टीम पेवेलियन लौट गयी थी। वहीं दूसरे एकदिवसीय में टीम नियमित कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के नहीं खेलने के कारण हार गयी थी। यहां भी युवा बल्लेबाज जिम्मेदारी नहीं ले पाये थे। ऐसे में उनका मानना है कि टीम में जो बल्लेबाज नए हैं उन्हें पता होना चाहिए कि अपनी पारी को कैसे गति दी जाती है। यह अब तक की सबसे बड़ी चुनौती है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के पास 2011 विश्वकप के समय में ऐसे खिलाड़ी थे जो जानते थे कि अपनी पारी को कैसे गति देनी है और उनकी भूमिका क्या है पर इस समय टीम के लिए ये आसान नहीं रहेगा।



# पूजा बनकर लोगों की रातों की नींद उड़ाने आए आयुष्मान खुराना

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते दिनों इस फिल्म से पूजा के किरदार में आयुष्मान का फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसके बाद से फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटेंट और भी बढ़ गई है। अब मेकर्स ने ड्रीम गर्ल 2 का मजेदार ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर की शुरुआत में आयुष्मान खुराना, पूजा बनकर एक क्रेडिट कार्ड वाले को बेवकूफ बनाते नजर आते हैं। फिल्म में करम खुद को और परिवार को आर्थिक तंगी से निकालने के लिए पूजा बनकर लोगों को बेवकूफ बनाते दिख रहे हैं। ट्रेलर में अनन्या पांडे की भी झलक दिखाई गई है। निर्माता एकता कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का ट्रेलर शेयर किया है। ट्रेलर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, ड्रीम गर्ल की दुनिया में अपने सपनों की रानी की मजेदार कहानी देखने के लिए तैयार हो जाएं। आयुष्मान खुराना ने भी सोशल मीडिया पर ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, 0मैं अपनी जिंदगी की सबसे खतरनाक परफॉर्मेंस देने जा रहा हूं, प्यार जरूर देना। ड्रीम गर्ल 2 एकता आर कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित और राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित हैं। फिल्म में आयुष्मान के अलावा परेश रावल, अन्नू कपूरल अभिषेक बनर्जी, मनजोत सिंह, राजपाल यादव, विजय राज और सीमा पाहवा जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 25 अगस्त 2023 को रिलीज होने जा रही है।



## 14 साल बड़े एक्टर के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस करने पर बोलीं अनन्या

लंबे इंतजार के बाद ड्रीम गर्ल 2 का ट्रेलर कल रिलीज हो गया है। ट्रेलर ने आते ही अपनी जबरदस्त कॉमेडी और स्टार-स्टडेड कलाकारों के साथ फैंस को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर दिया है। आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री स्क्रीन्स पर जलवा बिखेरने के लिए तैयार है। ट्रेलर लॉन्च पर अनन्या पांडे ने अपने से 14 साल बड़े एक्टर आयुष्मान खुराना संग ऑनस्क्रीन रोमांस करने पर चुप्पी तोड़ी।
ड्रीम गर्ल 2 के ट्रेलर लॉन्च पर जब अनन्या से ऐज-गैप के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसमें कोई इशू नहीं है क्योंकि सेल्युलाइड पर उम्र का अंतर हमेशा से रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को फिल्म देखते वक्त उम्र का फासला नहीं देखना चाहिए नहीं तो दिक्कत हो जाएगी। अनन्या पांडे ने कहा, मुझे नहीं लगता आज का इशू है। ऐज-गैप हमेशा रहा है। लोगों को इस बारे में सोचना नहीं चाहिए। अगर वो इस बारे में सोचते हैं तो प्रॉब्लम होगी। अगर दो लोग करैक्टर में फिट होते हों तो यह एकदम सही है। बता दें कि ट्रेलर में गुदगुदाने वाले डायलॉग्स हैं और मुख्य जोड़ी के बीच मजेदार दोस्ती को भी दिखाया गया है। हंसी से भरपूर इस सफ़र में उनके साथ परेश रावल, असरानी, अन्नू कपूर, अभिषेक बनर्जी, मनजोत सिंह, राजपाल यादव, मनोज जोशी, सीमा पाहवा और विजय राज सहित कई एक्टर्स हैं।



## भाभी जी घर पर है के दर्शकों के लिए बुरी खबर

### शो से ब्रेक ले रही हैं तिवारी जी की अंगूरी

टीवी जगत की जानी मानी अभिनेत्री शुभांगी अत्रे आज घर-घर भाभी जी के नाम से मशहूर हैं। शुभांगी का यह शो दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है और लोग उनके अभिनय की भी जमकर तारीफ करते हैं। अब हाल ही में, खबर आ रही है कि वह शो से कुछ समय के लिए ब्रेक ले रही हैं। वह कई सालों से इस शो से जुड़कर लोगों को हंसा रही हैं। तो चलिए जानते हैं कि अभिनेत्री क्यों ब्रेक ले रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शुभांगी अत्रे शो से ब्रेक ले रही हैं। फैंस के लिए यह किसी झटके से कम नहीं है, लेकिन फिक्र करने की बात नहीं है। कहा जा रहा है कि वह सिर्फ कुछ ही दिनों के लिए ब्रेक लेंगी। ऐसे में फैंस अपनी फेवरेट भाभी जी को शो में काफी मिस करने वाले हैं। मेकर्स के लिए भी यह किसी चुनौती से कम नहीं होने वाला है।

**बेटी की पढ़ाई के लिए ब्रेक ले रही हैं शुभांगी**

खबरों की मानें तो शुभांगी शो से अपनी बेटी की पढ़ाई की वजह से ब्रेक ले रही हैं। अभिनेत्री करीब एक महीने के लिए यूएसए जा रही हैं। तलाक के बाद शुभांगी अपनी बेटी की पढ़ाई का पूरा ध्यान रख रही हैं। उनकी बेटी विदेश में अपनी हायर एजुकेशन पूरी करने के लिए जा रही हैं। ऐसे में अभिनेत्री अपनी बेटी को यूएसए में सेटल करने के लिए कुछ दिनों की छुट्टी ले रही हैं। हालांकि, मेकर्स अभिनेत्री को दोबारा शो में लाने की पूरी कोशिश करेंगे।

**निजी लाइफ को लेकर चर्चा में थीं अभिनेत्री**

आपको बता दें कि शुभांगी अत्रे पिछले काफी दिनों से अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री ने कुछ ही दिनों पहले फैंस को बताया था कि वह अपने पति को तलाक दे रही हैं। दोनों ने शादी के 19 साल बाद अलग होने का फैसला किया है।

## वीडी13 के सेट पर

### मृणाल सेलिब्रेट करेंगी 31वां जन्मदिन

पॉपुलर एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर अपना 31वां जन्मदिन विजय देवरकोंडा के साथ अपकमिंग फिल्म के सेट पर मनाएंगी। दोस्तों और परिवार के साथ सेलिब्रेट नहीं कर पाने के चलते एक्ट्रेस अपना जन्मदिन तेलुगु फिल्म वीडी13 के कलाकारों और क्रू के साथ मनाएंगी। वह वर्तमान में हैदराबाद में शूटिंग कर रही हैं, शूटिंग इस सप्ताह शुरू हुई है। मृणाल ने कहा, मैं आमतौर पर अपने जन्मदिन को कम अहमियत देती हूं। चूंकि हम बहुत सार्वजनिक जीवन जीते हैं, मेरे लिए दोस्तों और परिवार के साथ कुछ खास दिन बिताना महत्वपूर्ण है। लेकिन, इस बार सेलिब्रेशन वीडी13 के सेट पर अद्भुत कलाकारों और क्रू मेंबर्स के साथ होगा, जिनके साथ मैंने अभी काम करना शुरू किया है। उन्होंने कहा, हम वर्तमान में हैदराबाद में शूटिंग कर रहे हैं और पिछले साल लगभग सीता रामम और फिर हाय नन्ना के लिए यहां बड़े पैमाने पर शूटिंग करने के बाद यह जगह मेरा दूसरा घर बन गया है। फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा करने के बाद जब मैं अपने परिवार के साथ घर आऊंगी तो मैं निश्चित रूप से एक छोटा सा सेलिब्रेशन कंरूगी। इसके अलावा, वह हाय नन्ना की भी शूटिंग कर रही हैं, जिसमें तेलुगु सुपरस्टार नानी भी हैं। शौरयुव द्वारा निर्देशित यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जो पिता-बेटी के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। वीडी13 में मृणाल विजय देवरकोंडा के साथ नजर आएंगी। यह प्रोजेक्ट गीता गोविंदम के बाद विजय और निर्देशक परसुराम के पुनर्मिलन का प्रतीक है, जो एक बड़ी हिट थी। मृणाल पीरियड ड्रामा पिप्पा में भी नजर आएंगी, जिसमें ईशान खट्टर, प्रियांशु पेनयुली और सोनी राजदान भी हैं, जो जल्द ही रिलीज होगी। मृणाल ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टीवी सीरीयल मुझसे कुछ कहती...ये खामोशियां (2012) और कुमकुम भाग्य (2014-2016) से की। उन्होंने लव सोनिया (2018) से हिंदी फिल्म में डेब्यू किया और सुपर 30 और बाटला हाउस फिल्मों से उन्हें पहचान मिली। उन्होंने तेलुगु रोमांटिक ड्रामा सीता रामम से सुर्खियां बटोरीं।



## मेरी सक्सेस के पीछे कोई स्टार नहीं है

सक्सेसफुल होने के लिए तरह-तरह की सलाह दिया करते थे। हालांकि, उन्होंने हमेशा ऐसी किसी भी सलाह को नजरअंदाज किया। इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि लोग उन्हें मजबूत PR बनाने के लिए बड़े एक्टर्स को डेट करने के लिए कहते थे, हालांकि उन्होंने सक्सेसफुल होने के लिए कभी भी यह रास्ता नहीं अपनाया। बातचीत में नोरा ने कहा- मुझे हमेशा यह कहा गया कि आपको सक्सेसफुल होने के लिए किसी सुपरस्टार को डेट करना चाहिए। लेकिन मैंने ऐसी बातों को कभी नहीं सुना और ऐसा करने के लिए मैं खुद को लकी भी मानती हूं। नोरा ने आगे कहा- अब मैं नियम बनाती हूं और अपनी शर्तों पर काम करती हूं। मेरी सक्सेस किसी दूसरे बड़े आदमी या फिर किसी सुपरस्टार के कारण नहीं है। मैं आज किसी पर निर्भर नहीं हूं। मैं आज जो भी हूं अपने दम पर हूं। इस बात पर हमेशा मुझे गर्व होता है। नोरा ने आगे कहा- ऐसी बहुत सी चीजें थी जो लोगों ने कही, मगर उन्हें मैंने कभी भी नहीं सुना। यही वजह है कि आज मैं इस मुकाम पर हूं। लोगों ने मुझे सलाह दी थी कि तुम गाना मत गाओ। दूसरा रियलिटी शो मत करो। दिलबर-दिलबर गाने की सक्सेस को याद करते हुए नोरा ने कहा- 'जब दिलबर ट्रैक सक्सेसफुल हुआ तो मुझे लगा कि अब इंटरनेशनल लेवल पर भी इस तरह के डांस नंबर पर परफॉर्म करना चाहिए। हालांकि, तब एक शख्स ने मुझे सलाह दी थी कि अभी सिर्फ एक चीज पर फोकस करो। मुझे उस शख्स की यह सलाह अच्छी नहीं लगी। इसलिए मैंने आगे चलकर इंटरनेशनल लेवल पर काम करना शुरू कर दिया। अब मैं दोनों प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हूं। और यह फैसला वाकई मेरे लिए काफी अच्छा साबित हुआ है। बता दें कि नोरा फीफा विश्व कप 2022 की क्लोजिंग सेरेमनी में फेमस आर्टिस्ट रहमा रियाद, बालकीस और मनाल के साथ शामिल हुई थीं। नोरा की इस सफलता को देशभर में सराहा गया था।



## क्या शिव ठाकरे को डेट कर रही है डेजी

खतरों के खिलाड़ी 13 में दोस्त बने डेजी शाह और शिव ठाकरे की डेटिंग की खबरें जोरों पर हैं। दोनों इन दिनों बहुत ज्यादा एक साथ घूम रहे हैं। उनके बारे में ऐसी चर्चा हो कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि डेजी ने जब इस पर बात की तो कुछ और ही बताया। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहेंगी कि कोई उनके रिश्ते को तब तक आंके जब तक वे खुद घोषणा नहीं कर देते कि वे एक कपल हैं, हम पहले से भी अधिक अच्छे दोस्त बन गए
रामम और फिर हाय नन्ना के लिए यहां बड़े पैमाने पर शूटिंग
ख़ा जाता है, जिससे हर कोई सोच रहा है कि क्या खतरों के खिलाड़ी 13 के बाद दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि, हाल ही में एक इंटरव्यू में डेज़ी ने शिव के साथ अपनी डेटिंग की अफवाहों के बारे में खुलासा किया और बताया कि वे अभी सिर्फ दोस्त हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह नहीं चाहेंगी कि कोई उनके रिश्ते को तब तक आंके जब तक वे खुद घोषणा नहीं कर देते कि वे एक कपल हैं। शिव ठाकरे के साथ लिंकअप की अफवाहों से हमारी दोस्ती पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह सिर्फ इतना है कि हम चीजों को अपने तरीके से निपटाने की कोशिश करते हैं। जब तक हम यह अनाउंस नहीं करते कि हम एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, तब तक हम नहीं चाहेंगे कि मीडिया, लोग या फैंस यह फैसला करें कि हम डेटिंग कर रहे हैं। अभी फिलहाल, हम सिर्फ दोस्त हैं।

## एक्टिंग डेब्यू के लिए तैयार हैं रफ्तार

रैपिंग की दुनिया के बादशाह रफ्तार को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर उनके फैं खुशी से झूम उठेंगे। रफ्तार बहुत जल्द अब एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने वाले हैं। हालांकि, रफ्तरा किसी फिल्म से नहीं बल्कि वेब सीरीज से डेब्यू करने वाले हैं। खबरें हैं कि रैपर बहुत जल्द बजाओ नाम की एक कॉमेडी वेब सीरीज में नजर आएंगे, जो जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। वहीं अपने इस नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए रफ्तार कहते हैं कि बतौर आर्टिस्ट मैं हमेशा से यही चाहता था कि मैं हर एक चीज को आजमाउं। एक्टिंग इनमें से एक था। वैसे भी मैं इस वेब सीरीज के लिए बेहद एक्साइटेड हूं क्योंकि इस शो के डायरेक्टर्स शिव वर्मा और सप्तराज चक्रवर्ती के साथ मैं पहले भी काम कर चुका हूं। बता दें कि इस शो की कहानी कई सामाजिक दबावों के बीच स्वयं को पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में बनाए रखने की कोशिश में लगे तीन लड़कों के इर्द-गिर्द घूमती है।

## अनुराग कश्यप एक जादूगर हैं : सनी लियोन



बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन कान फिल्म फेस्टिवल के बाद अपनी फिल्म कैनेडी के इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2023 में प्रीमियर के लिए तैयार हैं। उन्होंने डायरेक्टर अनुराग कश्यप की तारीफ करते हुए कहा कि उनमें लोगों को अलग नजरिए से देखने की क्षमता है, जो उन्हें खास बनाती है। सनी ने बताया, मुझे निश्चित रूप से लगता है कि वह एक जादूगर हैं। उनके पास लोगों को अलग नजरिए से देखने की क्षमता है, जो उन्हें खास बनाती है। वह चुनते हैं कि वह किसके साथ काम करें और कैसे उनकी मदद करें, पेशेवर या व्यक्तिगत रूप से उनका कैसे पालन-पोषण करें। वह अद्भुत व्यक्ति हैं। एक्ट्रेस ने एक सवाल के जवाब में कहा, वास्तव में जीवन में कुछ भी हो सकता है और एक फोन कॉल के भीतर आपका जीवन बदल सकता है। मैं कान में इस बड़ी शुरुआत और कैनेडी को कई फेस्टिवल्स से दुनिया भर में स्वीकार किए जाने के बाद जो कुछ भी होने वाला है, उसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।



## शबाना ने कहा कौन धर्मेन्द्र को किस नहीं करना चाहेगा

फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के बीच यूं तो कई किसिंग सीन है, लेकिन एक सीन में धर्मेन्द्र और शबाना आजमी किस करते नजर आए हैं। 87 साल के धरम और 72 साल की शबाना के किसिंग सीन को लेकर काफी बातें हो रही हैं। कुछ लोगों को यह सीन पसंद नहीं आया तो कुछ को इसमें कोई बुराई नजर नहीं आई। धर्मेन्द्र का कहना है कि जब करण जौहर ने इस सीन के बारे में बताया तो वे चौंक गए। लेकिन स्क्रिप्ट के हिसाब से ये जरूरी था तो उन्होंने यह सीन किया। धर्मेन्द्र ने कहा कि शबाना और वे इस सीन को करते समय कफर्टबल थे। दूसरी ओर शबाना आजमी ने इस किसिंग सीन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इस सीन की इतनी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि कौन हैंडसम धर्मेन्द्र को किस नहीं करना चाहेगा।